Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 37 | शनिवार, 07 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## अग्रिम चौकी पर जवानों के साथ भोजन

# गृह मंत्री शाह ने किया 242 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास



**कठुआ।** प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की 242 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। गृह मंत्री अमित शाह जम्मू कश्मीर के दौरे पर हैं। कल उन्होंने बोबिया परिसर में पौधरोपण किया। इसके साथ ही सीमा प्रहरियों के कल्याण के लिए 7 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इनमें नवनिर्मित सोलर वाटर हीटर, सोलर पावर प्लांट और अधिकारियों के लिए मेस शामिल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा सुरक्षा बल की 242 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचे से जुड़ी परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। उन्होंने दौरे को पूरा करने से पहले अग्रिम चौकी पर बीएसएफ जवानों और अधिकारियों के साथ दोपहर का भोजन भी किया। कठुआ, किश्तवाड़ और उधमपुर में आतंकियों से हुई मुठभेड़ों के बाद तीन दिवसीय दौरे पर जम्मू पहुंचे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कठुआ जिले की अंतरराष्ट्रीय सीमा का दौरा किया। हीरानगर सेक्टर पर वे गुरनाम और बोबिया अग्रिम चौकियों पर जाकर दो घंटा जवानों के बीच रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इसके बाद उन्होंने लोकभवन में एक उच्चस्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने पहाड़ों में छिपे आतंकियों का खात्मा करने के लिए ऑपरेशन तेज करने के निर्देश दिए।

बैठक में नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री और जम्मू में केंद्रीय गृह सचिव की पिछले दिनों हुई बैठकों में बनी रणनीतियों को अमली जामा पहनाने पर मंथन हुआ। केंद्रीय गृह मंत्री ने पिछली बैठकों में बनी रणनीति के तहत आतंकियों के खिलाफ ऑपरेशन तेज करने को कहा। उन्होंने खास तौर पर जम्मू संभाग के पहाड़ी और दुर्गम इलाकों में सक्रिय आतंकियों के खात्मे और आतंकियों के सपोर्ट सिस्टम को खत्म करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही कानून-व्यवस्था, सीमा सुरक्षा व्यवस्था, आतंकवाद विरोधी अभियानों और घुसपैठ को रोकने के उपायों की समीक्षा की गई।

## सार संक्षेप

### अवैध खदान विस्फोट में मृतकों की संख्या बढ़कर हुई 25



**नई दिल्ली।** मेघालय के पूर्व जयंतिया हिल्स जिले के थांगस्कू इलाके में अवैध खदान विस्फोट में मृतकों की संख्या 25 हो गई है।

गुरुवार, 5 फरवरी को इस विस्फोट के बाद 18 शव बरामद किए गए थे। इस धमाके में आठ लोग घायल हुए हैं। घायलों में चार नेपाल के हैं। दो घायल असम के हैं और एक स्थानीय व्यक्ति है। उनका शिलांग के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। पुलिस महानिदेशक आइ नोंगरंग ने बताया कि शुक्रवार, 6 फरवरी को सात और शव बरामद हुए हैं, जिससे कुल मृतकों की संख्या 25 हो गई है। 12 शवों की पहचान की गई है। खोज और बचाव अभियान जारी है। मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने कहा है कि सरकार इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करेगी। इस बीच असम सरकार ने इस विस्फोट में जान गंवाने वाले राज्य के तीन मजदूरों के परिवारों को पांच-पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। एएनआइ के अनुसार इस त्रासदी को लकर केंद्रीय कोयला मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मेघालय सरकार से विस्तृत रिपोर्ट मांगी।

**असम सरकार ने किया मुआवजे का एलान**

## तुर्किये-पाकिस्तान गठजोड़ का जवाब देगी भारत-ग्रीस की दोस्ती



**नई दिल्ली।** ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास चार दिवसीय भारत दौरे पर नई दिल्ली पहुंचे हैं, जहां वे रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। इस यात्रा का उद्देश्य भारत-ग्रीस के बीच रणनीतिक और औद्योगिक रक्षा साझेदारी को मजबूत करना है। ग्रीस के रक्षा मंत्री निकोस डेंडियास रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बुलावे पर चार दिवसीय भारत यात्रा पर शुक्रवार को दिल्ली पहुंचे। इस यात्रा का उद्देश्य दोनों देशों के बीच रणनीतिक और औद्योगिक साझेदारी को ठोस आकार देना है। राजनाथ और डेंडियास के बीच सोमवार को प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता होगी।

# पीएम मोदी का मलेशिया दौरा आज...



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7-8 फरवरी को मलेशिया का दौरा कर मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगे। इसमें रक्षा और व्यापार में सहयोग का मुद्दा अहम होगा।

मलेशिया में प्रधानमंत्री मोदी के भव्य स्वागत कार्यक्रम के दौरान भारतीय प्रवासी एक विशाल नृत्य प्रदर्शन के साथ मलेशियाई बुक आफ रिकार्ड में स्थान बनाने का लक्ष्य रख रहे हैं। 800 से अधिक कलाकार एक साथ मिलकर एकल नृत्य प्रदर्शन में भाग लेंगे, जिसे आयोजक 'भारतीय शास्त्रीय और लोक नृत्य शैलियों का सबसे बड़ा समूह' बताते हैं। पीएम मोदी शनिवार की दोपहर कुआलालंपुर पहुंचेंगे और शाम को प्रवासियों को संबोधित करेंगे। मोदी के स्वागत में विशाल नृत्य प्रदर्शन का यह प्रयास 'सेलामत दातांग मोदी जी' सामुदायिक स्वागत समारोह में होगा, जहां प्रधानमंत्री मोदी और मलेशियाई प्रधानमंत्री अनवर इब्राहीम लगभग 15,000 लोगों की अपेक्षित भीड़ को संबोधित करेंगे। भारतीय उच्चायुक्त बीएन रेड्डी ने कहा कि मलेशिया में दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी भारतीय मूल की समुदाय है और यह तीसरी सबसे बड़ी भारतीय प्रवासी समुदाय भी है। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का नारा 'सेलामत दातांग मोदी जी' का अर्थ 'स्वागत मोदी जी' है जो इस समुदाय की गर्मजोशी और एकता को दर्शाता है। यह नृत्य लगभग पांच मिनट चलेगा, जिसमें भारतीय नृत्य परंपराओं का जीवंत मिश्रण शामिल होगा, जैसे भरतनाट्यम, ओडिसी, कथक, कथकली, मोहिनियाट्टम और कुचिपुड़ी, साथ ही लोक शैलियों जैसे यक्षगान, लावणी, पंजाबी, राजस्थानी, ओडिया, बिहू, तमिल लोक और कई अन्य क्षेत्रीय विविधताएं। एएनआई के अनुसार विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत आगामी दौरे के दौरान रक्षा क्षेत्र में सहयोग के अवसरों की तलाश कर रहा है, जिसमें डार्नियर विमान की बिक्री, स्कार्पीन पनडुब्बियों और एसयू-30 विमानों की रखरखाव शामिल है।

**800 से ज्यादा कलाकार करेंगे नृत्य प्रदर्शन, दर्ज होगा रिकॉर्ड**

### भारत का ग्लेडिएटर वैभव सूर्यवंशी



**मुंबई।** बिहार के छोटे से शहर समस्तीपुर में जन्मा क्यूट सा लड़का जब हाथ में बल्ला लेकर क्रिकेट स्टेडियम के अंदर जाता है तो ऐसा लगता है कि रोमन साम्राज्य का खूंखार ग्लेडिएटर रोम के एरीना में उतर रहा हो। वह रोमन साम्राज्य के उस ग्लेडिएटर की तरह नजर आता है जो दर्शकों के मनोरंजन के लिए अपने हथियारों का कौशल दिखाने से कभी नहीं चूकता। जी हां, हम बात कर रहे हैं अंडर-19 विश्व कप के हीरो वैभव सूर्यवंशी की जिनके 80 गेंदों में बनाए गए 175 रनों की बदौलत भारत ने छठी बार यह विश्व कप अपने नाम किया। कुछ सालों तक बिहार का नाम भारतीय क्रिकेट के मानचित्र से भी हट गया था लेकिन जैसे ही बीसीसीआई ने बिहार क्रिकेट संघ को मान्यता दी वैसे ही वैभव का भी उदय हुआ और बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने उस नाम को विश्व पटल पर चमका दिया। वैभव की उम्र को लेकर कई बार सवाल उठाए गए लेकिन वह डिगे नहीं, झुके नहीं।

## फिर मौसम लेगा करवट

# जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड में कोहरे की चेतावनी



**नई दिल्ली।** देश में मौसम फिर बदलने वाला है। दिल्ली-एनसीआर में सर्दी घट रही है, लेकिन जम्मू-कश्मीर, हिमाचल और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में बारिश और बर्फबारी के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा। कोहरे की चेतावनी भी जारी है। पश्चिमी हिमालय और पूर्वोत्तर क्षेत्रों में मौसम का असर साफ दिख सकता है। आइए विस्तार से समझते हैं मौसम का हाल। देश के अलग-अलग हिस्सों में मौसम का मिजाज तेजी से बदल रहा है। दिल्ली- एनसीआर में जहां सर्दी धीरे-धीरे विदा हो रही है गर्मी की आहट महसूस होने लगी है, वहीं जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे पर्वतीय इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी के आसार बने हुए हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के ताजा अपडेट के मुताबिक आठ फरवरी की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, जिससे पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों के मौसम में फिर बदलाव आ सकता है। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल एक पश्चिमी विक्षोभ उत्तर-पूर्वी ईरान और उससे सटे अफगानिस्तान क्षेत्र में चक्रवाती परिसंचरण के रूप में सक्रिय है। इसके अलावा आठ फरवरी, 2026 की रात से एक नया पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय को प्रभावित करने की संभावना है, जिससे जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश के ऊंचे इलाकों में हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। उत्तर भारत के ऊपर उपोष्णकटिबंधीय पश्चिमी जेट स्ट्रीम सक्रिय बनी हुई है।

### कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना

इसके प्रभाव से तमिलनाडु के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना बनी हुई है। वहीं मन्नार की खाड़ी और कोमोरिन क्षेत्र में हवाओं की रफ्तार 45 से 55 किलोमीटर प्रति घंटा से बढ़कर 65 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। मौसम विभाग ने मछुआरों को समुद्र में उतरते समय विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी है।

# देश को मिलेंगे 7 नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर, बदल जाएगा पूरा ट्रेन नेटवर्क




**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे अब यात्रियों को तेज, आरामदायक और आधुनिक यात्रा अनुभव देने की दिशा में बड़ा कदम उठा रहा है। इसी कड़ी में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने केंद्रीय बजट में देश के सात नए हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर विकसित करने का ऐलान किया है। इसका मकसद बड़े शहरों को तेज कनेक्टिविटी देना और सड़क व हवाई यात्रा पर निर्भरता कम करना है। भारत पहले से ही मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। अब नए कॉरिडोर और वंदे भारत स्लीपर व अमृत भारत ट्रेनों के जरिये रेलवे यात्री सेवाओं का पूरा मॉडल बदलना चाहता है।

# भारतीय किसानों के हितों की सुरक्षा कर रही सरकार, अमेरिका के साथ ट्रेड डील से कृषि, डेयरी और एथनॉल को रखा बाहर

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड की तरह ही अमेरिका से होने जा रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते में भारतीय किसानों की प्रमुख फसल व डेयरी को पूरी तरह से दूर रखा गया है। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक गेहूं-चावल व अन्य अनाज के साथ तिलहन, आलू, मसाला, लहसुन, मक्का, सोयाबीन, आटा के साथ सभी प्रकार के फूल-पत्ती से जुड़े उत्पाद को समझौते के दायरे से बाहर रखा गया है। ईंधन में इस्तेमाल होने वाले एथनॉल को भी समझौते में शामिल नहीं किया गया है। अब तक यह आशंका जाहिर की जा रही थी कि सोयाबीन व मक्के से बनने वाले अमेरिकी एथनॉल को भारत में आने की इजाजत दे दी जाएगी। उच्च पदस्थ सूत्रों के मुताबिक, भारत में एथनॉल बनाने में मक्के का काफी इस्तेमाल हो रहा है और इससे सीधे तौर पर किसानों का हित जुड़ा है।

### किसानों के हितों की सुरक्षा

अमेरिका से पहले भारत ने ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, न्यूजीलैंड व यूरोपीय यूनियन के साथ व्यापार समझौता किया है, लेकिन इनमें से किसी भी देश को कृषि व डेयरी से जुड़े आइटम के निर्यात की इजाजत नहीं दी गई। अमेरिका को पिस्ता, काजू, बादाम व एक कोटा के साथ सेब के निर्यात की इजाजत दी गई है। इन आइटम से भारत के आम किसान पर कोई फर्क नहीं पड़ेगा।



## संपादक की कलम से

# व्यापार समझौते और किसान



**ललित शर्मा**
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने संसदीय संबोधन में खुलासा किया है कि भारत 9 देशों के साथ व्यापार समझौते कर चुका है और 24 देशों के साथ वार्ताएं जारी हैं। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भी संसद को बताया है कि भारत और खाड़ी देश सहयोग परिषद् के 6 देशों के बीच गुरुवार को मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की शर्तों पर सहमति बन गई है। इन देशों में संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, बहरीन और ओमान शामिल हैं। वाणिज्य मंत्री ने यह भी खुलासा किया है कि भारत-अमरीका का साझा बयान 4-5 दिन में सार्वजनिक हो जाएगा, जबकि मार्च मध्य में समझौते पर हस्ताक्षर होंगे। जाहिर है कि अभी बहुत कुछ तय होना है। सिर्फ दोनों देश सैद्धांतिक तौर पर सहमत हुए हैं। इस संदर्भ में विपक्ष का प्रलाप समझ के परे है। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने यहां तक कह दिया कि समझौते से भारतीय किसान बर्बाद हो जाएंगे। किसी ने कहा कि रात के अंधेरे में किसानों के साथ विश्वासघात किया गया है। आखिर विपक्ष के नेता किसान-विरोधी समझौते पर विलाप क्यों कर रहे हैं, जबकि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी स्पष्ट कर चुके हैं कि कृषि और डेयरी क्षेत्रों को लेकर कोई समझौता नहीं किया गया है? किसान और पशुपालक पूरी तरह सुरक्षित और संरक्षित हैं। यथार्थ यह भी है कि कृषि के कई उत्पादों का भारत को आयात करना पड़ता है, क्योंकि हमारे किसान उतना उत्पादन नहीं कर सकते, जितनी खपत है। लोगों को तो चाहिए। हम दालें, सूखे मेवे, खाद्य तेल, फल और सब्जियों का 26 अरब डॉलर का आयात करते हैं। यानी विदेशी कंपनियां भारतीय बाजार में मौजूद हैं और अरबों डॉलर का व्यापार कर रही हैं। बेशक अमरीका से इन कृषि उत्पादों का आयात कम किया जाता है। यदि अमरीका से यह आयात सस्ता पड़ेगा, तो क्या हम समझौते से चिपके रहेंगे और अमरीका से ये उत्पाद नहीं खरीदेंगे? बेहद संवेदनशील सवाल है। चूंकि देश में इन उत्पादों की खपत है, जरूरत है, लिहाजा आयात करना राष्ट्रीय मजबूरी है। भारतीय स्टेट बैंक की एक रपट सामने आई है कि यदि अमरीका से डेयरी उत्पाद भारत में आए, तो यहां के दुग्ध उत्पादक किसानों को करीब 1,03,000 करोड़ रुपए का नुकसान होगा। क्या यह सटीक और व्यावहारिक रपट है? यह भी दलील दी जा रही है कि अमरीका में गायों को मांस और चर्बी आदि खिलाते हैं, लिहाजा उनके दूध में उसके प्रभाव भी शामिल होंगे और इस तरह असंख्य भारतीयों का धर्म भ्रष्ट हो सकता है। कुल मिला कर ऐसा प्रतीत होता है मानो कृषि और डेयरी क्षेत्र आज भी अपंग-अधूरे हैं। हालांकि भारत में दुग्ध कारोबार 7.5-9 लाख करोड़ रुपए का है। हम विश्व में सबसे बड़े दुग्ध उत्पादक देश होने का भी दावा करते रहे हैं। हमने दूध की कमी और संकट के दौर भी देखे और झेले हैं। भारत में 13 जनवरी, 1970 को जब ऑपरेशन फ्लड का आगाज किया गया था, तो उसे दुनिया का सबसे बड़ा डेयरी विकास कार्यक्रम करार दिया गया था। उसे श्वेत क्रांति का नाम भी दिया गया था, लेकिन उससे पहले भारत दूध की कमी वाला देश था। इस श्वेत क्रांति के सूत्रधार थे-डॉ. वर्गीज कुरियन। लगभग ऐसा ही हाल कृषि का है। आजादी के 78 सालों के बाद भी सहस्र वर्षों पुरानी कृषि इस स्थिति में नहीं है कि विदेशी प्रतिस्पर्द्धा का मुकाबला कर सके। किसान भी गरीब है और सरकारी मदद के भरोसे रहता है, लिहाजा भारत को आज भी कृषि और किसान को संरक्षण देना पड़ रहा है।

**डॉ.राजीव डोगरा**



**याराना**

**कविता**

हर लम्हा सुहाना होगा
तेरा हँसना और फिर
देखकर तुम्हें
मेरा मुस्कुराना होगा।

माना कि हम कुछ भी नहीं
मगर तुम्हारे सिर के ताज पर
हर पल हमारा पहरा होगा।

मैं हार भी जाऊं
तुम्हें जीतने के लिए
तो भी तेरे सपनों में
एक अफसाना होगा।

एक तलब है तुम्हें हर पल
मुस्कुराते देखने की
अगर मैं मिट भी जाऊं
तो भी ये मेरा याराना होगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# सत्य वह दौलत है जिसे पहले खर्च करो- जिंदगी भर आनंद पाओ, झूठ वह कर्ज.है- क्षणिक सुख पाओ जिंदगी भर चुकाते रहो

भारत अपनी संस्कृति, आध्यात्मिकता, अहिंसा धर्मनिरपेक्षता, परमो धर्मा और सच्चाई की मूरत राजा हरिश्चंद्र इत्यादि अनेकों विशेषताओं के लिए विश्व प्रसिद्ध है। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र से यह मानता हूं कि एक झूठ के पीछे सव झूठ बोलना पड़ता है और झूठ के दलदल में मनुष्य घुसता चला जाता है।जिससे उसकी वर्तमान पीढ़ी तो ध्वस्त होती ही है पर आने वाली पीढ़ियों में भी यह दोष समाया रहता है।

साथियों बात अगर हम सच्चाई की साक्षात मूरत राजा हरिश्चंद्र की करें तो, सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र सदैव सत्य बोलते थे। वह अपने सत्य और न्याय के लिए जाने जाते थे। इसलिए आज भी उनकी कहानियां बड़े सम्मान के साथ सुनाई जाती हैं।हमने अपने बड़े बुजुर्गों से अनेक कई किस्से सुने हैं।हम, आज की जनरेशन करीब-करीब हर सच्चाई वाली बात में इस महान मूरत का नाम जरूर जोड़तेहैं।हमारे बड़े बुजुर्गों से हमने कई वाक्य सुने हैं, जैसे सच्चाई छुप नहीं सकती बनावट के उसूलों से, सत्य की हार नहीं होती, सत्य परेशान हो सकता है पराजित नहीं, सत्यमेव जयते।

साथियों बात अगर हम सत्यमेव जयते इसकी करें तो हम अनेक शासकीय, अशासकीय स्थानों पर इसका उल्लेख जरूर देखते हैं।यही सत्य है कि हमेशा सत्य की विजय होती है।

साथियों बात अगर हम भारतीय आध्यात्मिकता की करें तो हमें यही ज्ञान मिलता है कि सत्य व दौलत है जैसे पहले खर्च करो फिर जिंदगी भर आनंद पाओ और झूठ वह कर्ज है जिससे क्षणिक सुख पाओ और जिंदगी भर उसे चुकाते रहो बिल्कुल सत्य वचन!



गोंदिया

साथियों यह बात अगर मानव के हृदय में बस जाए तो वाह क्या बात है! हम पृथ्वी लोक में ही स्वर्ग के दर्शन कर सकेंगे।अगर हर भारतीय व्यक्ति चाहे वह सरकारी हो या शासकीय कर्मचारी, मंत्री हो या नेता, कार्यकर्ता हो या मालिक, सभी अगर सत्यता रूपी दौलत को पूरी निष्ठा से खर्च करें अर्थात ईमानदारी से अपनी अफसर शाही ड्यूटी, व्यापार-व्यवसायज दिनचर्या अर्थात जीवन के हर काम हर मोड़ पर सत्यता बरसाएगें तो वह खुद तो जीवन का आनंद जरूर पाएंगें परंतु उससे अधिक भारत को स्वर्ग जैसा सुंदर रचना बनाने में अहम रोल अदा करेगें। भारत एक अपराध मुक्त भारत की परिकल्पना में साकार होगा।कोई अदालत, पुलिस स्टेशन, जांच एजेंसियां नहीं होगी क्योंकि यह सब झूठ और अपराध को काटने के लिए ही बनाई गई हैं। साथियों बात अगर हम झूठ की करें तो हमने अपने व्यवहारिक जीवन में देखा होगा कि बेईमान, रिश्वतखोर, झूठा, भ्रष्टाचारी, धोखेबाज इत्यादि तरह के मानव कभी अपने जीवन में सुखी नहीं होते। चाहे कितना भी अवैध धन कमा लें, उनके पीछे परिवार का, उनके स्वास्थ्य का, मानसिक हालत हमेशा दुखों में बनी रहती हैउनके शरीर के नसों में झूठ रूपी खून दौड़ता है और इन नकारात्मक झूठे व्यवहारों से उनका क्षणिक आर्थिक सुख मिलता है परंतु उसके लिए उनको जीवन भर कष्टों में गुजारना पड़ता है। जितना क्षणिक सुख प्राप्त होता है वह ब्याज सहित याने अतिरिक्त दुख सहित यहीं इस जीवन में भोगना पड़ता है और फिर अंत में पछताते हैं के ऐसा क्यों हुआ, ऊपर वाले से क्षमा याचना करते हैं।पर कहते हैं ना कि जब चिड़ियां चुग गई खेत, अब पछतावे क्या होए? साथियों बात अगर हम सत्य की गहराई की करें तो, सत्य दो प्रकार का होता है- एक व्यवहारिक सत्य और दूसरा वास्तविक। व्यवहारिक सत्य का अर्थ है जैसा देखा, जैसा सुना और जैसा अनुभव किया, उसको वैसा ही बोलना सत्य कहलाता है।व्यवहारिक सत्य में हो सकता है, जो एक के लिए सत्य है, वो दूसरे के लिए असत्य हो।

साथियों यह बात अगर मानव के हृदय में बस जाए तो वाह क्या बात है! हम पृथ्वी लोक में ही स्वर्ग के दर्शन कर सकेंगे।अगर हर भारतीय व्यक्ति चाहे वह सरकारी हो या शासकीय कर्मचारी, मंत्री हो या नेता, कार्यकर्ता हो या मालिक, सभी अगर सत्यता रूपी दौलत को पूरी निष्ठा से खर्च करें अर्थात ईमानदारी से अपनी अफसर शाही ड्यूटी, व्यापार-व्यवसायज दिनचर्या अर्थात जीवन के हर काम हर मोड़ पर सत्यता बरसाएगें तो वह खुद तो जीवन का आनंद जरूर पाएंगें परंतु उससे अधिक भारत को स्वर्ग जैसा सुंदर रचना बनाने में अहम रोल अदा करेगें। भारत एक अपराध मुक्त भारत की परिकल्पना में साकार होगा।कोई अदालत, पुलिस स्टेशन, जांच एजेंसियां नहीं होगी क्योंकि यह सब झूठ और अपराध को काटने के लिए ही बनाई गई हैं। साथियों बात अगर हम झूठ की करें तो हमने अपने व्यवहारिक जीवन में देखा होगा कि बेईमान, रिश्वतखोर, झूठा, भ्रष्टाचारी, धोखेबाज इत्यादि तरह के मानव कभी अपने जीवन में सुखी नहीं होते। चाहे कितना भी अवैध धन कमा लें, उनके पीछे परिवार का, उनके स्वास्थ्य का, मानसिक हालत हमेशा दुखों में बनी रहती हैउनके शरीर के नसों में झूठ रूपी खून दौड़ता है और इन नकारात्मक झूठे व्यवहारों से उनका क्षणिक आर्थिक सुख मिलता है परंतु उसके लिए उनको जीवन भर कष्टों में गुजारना पड़ता है। जितना क्षणिक सुख प्राप्त होता है वह ब्याज सहित याने अतिरिक्त दुख सहित यहीं इस जीवन में भोगना पड़ता है और फिर अंत में पछताते हैं के ऐसा क्यों हुआ, ऊपर वाले से क्षमा याचना करते हैं।पर कहते हैं ना कि जब चिड़ियां चुग गई खेत, अब पछतावे क्या होए? साथियों बात अगर हम सत्य की गहराई की करें तो, सत्य दो प्रकार का होता है- एक व्यवहारिक सत्य और दूसरा वास्तविक। व्यवहारिक सत्य का अर्थ है जैसा देखा, जैसा सुना और जैसा अनुभव किया, उसको वैसा ही बोलना सत्य कहलाता है।व्यवहारिक सत्य में हो सकता है, जो एक के लिए सत्य है, वो दूसरे के लिए असत्य हो। वैसे तो हर व्यक्ति अपने मुताबिक अपना सत्य बना लेता है। यह व्यवहारिक सत्य, अनुभव, नजरिए और देश, काल के आधार पर अलग-अलग हो सकता है। इसलिए इसमें मतभेद की संभावना बनी रहती है।ईमानदार और न्यायवादी व्यक्ति ही सत्य का पालन करता है।यह देखा गया है कि जो लोग ईमानदार होते हैं वह सदैव सच बोलते हैं। झूठे बेईमान और मक्कार लोग सदैव असत्य का फायदा लेकर अपना काम बनाते हैं। हम ऐसे लोगों से बचना चाहिए जो अपने फायदे के लिए (झूठ) असत्य बोलते हैं।सत्य का अर्थ है ह्यसते हितम्ह्न अर्थात जिसमें हित या कल्याण निहित हो। सत्य भूत, भविष्य एवं वर्तमान तीनों काल में एक सा रहता है तथा इससे यथार्थ का ज्ञान होता है। साधारण बातचीत में जो सच है, यथार्थ है उसे जानना, समझना, मानना, कहना एवं उसके अनुसार ही व्यवहार करना सत्य है। मानव बोध में सत्य के प्रति श्रद्धा एवं असत्य के प्रति घृणा स्वाभाविक रूप से पाई जाती है।मनुष्य जीवन के लिए सत्य सबसे बड़ी शक्ति हैं।जीवन तथा संसार के सत्य की तलाश कर उसे जीवन में अपनाना मानव मात्र का मूल उद्देश्य हैं।हमारी संस्कृति में सत्य को बड़ा महत्व दिया गया हैं।इस सम्बन्ध में एक महापुरुष ने ठीक ही कहा कि सत्य परेशान हो सकता है मगर पराजित नहीं. भारत की भूमि पर हरिश्चन्द्र जैसे राजा हुए जिनकी सत्यनिष्ठा के चलते वे सत्यवादी कहलाए।सत्य के रास्ते पर चलकर व्यक्ति बड़ी-बड़ी समस्या का समाधान आसानी से कर सकता है।सत्य के मार्ग पर चलकर कई लोगों ने सफलता प्राप्त कर अपना और अपने परिवार का भला किया है।सत्य के मार्ग पर चलकर कई लोगों ने सफलता प्राप्त कर दुनिया को बदला है। सत्य बोलने से व्यक्ति को सभी सम्मान देते हैं।ऐसा कहा जाता है कि तीन चीजें छुपाए नहीं छुपती- सूरज, चंद्रमा और सत्य। जो लोग सत्य का, न्याय का पक्ष लेते हैं उनकी प्रशंसा सभी लोग करते हैं।सत्य का साथ देने वालों को इतिहास स्वर्णिम पन्नों पर दर्ज करता है। परंतु जो लोग झूठ, असत्य का साथ देते हैं उनकी चारों ओर आलोचना होती है।किसी ने खूब ही कहा है कि चन्द्र टरै, सूरज टरै, टरै जगत व्यवहार।ह्न

पै दृढ़ हरिश्चन्द्र को टरै न सत्य विचार।..
सांच बराबर तप नहीं, झूंठ बराबर पाप।
जाके हृदय सांच है, ताके हृदय आप

किसी ने धर्म के दस लक्षण बताए हैं, जिनमें सत्य भी प्रमुख स्थान रखता है।

ह्यधृतिः क्षमा दमोऽस्तेयं शौचमिन्द्रियनिग्रहः।
धीविद्या सत्यमक्रोधो दशकं धर्मलक्षणम्।।

अर्थात धैर्य, क्षमा, संयम, अस्तेय (चोरी न करना), शौच (अंतर्मन और शरीर की पवित्रता), इन्द्रिय निग्रह (इन्द्रियों से धर्म सम्मन आचरण), धी (सत बुद्धि), विद्या, सत्य एवं अक्रोध यानी हमेशा शांत रहना। अतः अगर हम पूरे उपरोक्त विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करेंगे तो हम पाएंगे के सत्य व दौलत है जिसे पहले खर्च करो फिर जिंदगी भर आनंद पाओ और झूठ वह कर्ज है जिसमें सैनिक सुख पाओ फिर जिंदगी भर जो करते रहो और सच्चाई की राह सुखद जीवन के लिए एक विनियोग है तथा झूठ का

# बालों की देखभाल के लिए अपनाएं ये हेयर हैक्स

बालों की केयर का सबसे पुराना व आजमाया हुआ नुस्खा है तेल से चंपी करना। आप नारियल, सरसों या आंवला तेल को चुन सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से मालिश करें। हम सभी काले, लंबे व सिल्की बाल चाहती हैं, लेकिन इसके लिए मार्केट में मिलने वाले महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं। जबकि देसी नुस्खे वास्तव में बेहद काम आते हैं। पुराने समय में हम सभी ने इन नुस्खों का इस्तेमाल किया है, लेकिन आज हम इन्हें भूलते जा रहे हैं। पुराने समय में जब केमिकल प्रोडक्ट्स नहीं थे, उस समय भी बाल लंबे, घने और चमकदार होते थे। हो सकता है कि अब तक आप भी एंटी-डैंड्रफ शैम्पू या हेयर ग्रोथ सीरम में इनवेस्ट करती आई हों। लेकिन अब अगर आप नेचुरल और बजट फ्रेंडली ऑप्शन ढूंढ रही हैं तो आपको इन पुराने हेयर हैक्स को आजमाना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे ही कुछ हेयर हैक्स के बारे में बता रहे हैं-



**बालों में करें चंपी:** बालों की केयर का सबसे पुराना व आजमाया हुआ नुस्खा है तेल से चंपी करना। आप नारियल, सरसों या आंवला तेल को चुन सकती हैं। इसके लिए आप सबसे पहले तेल को हल्का गुनगुना कर लें। फिर इस तेल से मालिश करें। हल्के गुनगुने तेल से मालिश करने से सिर में ब्लड सकुर्लेशन बेहतर होता है, साथ ही साथ जड़ें मजबूत होती हैं। इससे ना केवल हेयर ग्रोथ होती है, बल्कि बाल अधिक सिल्की व स्मूथ होती है। साथ ही, इससे तनाव भी कम होता है।

**दही का लगाएं हेयर मास्कः** दही को बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। दरअसल, इसमें प्रोटीन और लैक्टिक एसिड पर्याप्त मात्रा में पाया जाता है। दही को अगर बालों में मास्क की तरह लगाया जाता है तो इससे ना केवल डैंड्रफ कम होता है, बल्कि बालों का फ्रिज और रूखेपन की समस्या भी दूर होती है। आप दही को बालों में ऐसे ही लगा सकती हैं या फिर इसमें शहद भी मिक्स किया जा सकता है। करीबन आधे घंटे बाद बालों को वॉश कर लें।

**चावल के पानी का करें इस्तेमालः** चावल का पानी एक बहुत पुराना नुस्खा है, जो बालों के लिए काफी अच्छा माना जाता है। फर्मेंटेड चावल के पानी में इनोसिटोल नामक कार्बोहाइड्रेट होता है जो बालों को मजबूत करता है और टूटने से बचाता है। आप इसे शैम्पू के बाद इस्तेमाल कर सकती है। बस चावल का पानी बालों में डालकर 5-10 मिनट छोड़ दें और फिर साफ पानी से उसे धो लें।

**चाय से आएगी बालों में चमकः** अगर आप अपने बालों को शाइनी व ग्लॉसी बनाना चाहती हैं तो ऐसे में चाय का इस्तेमाल करें। दरअसल, ब्लैक टी में टैनिन होते हैं जो नेचुरल शाइन देते हैं और साथ ही साथ, इससे बालों का झड़ना भी कम होता है। वहीं, ग्रीन टी का इस्तेमाल करने से डैंड्रफ कम होता है। इसे इस्तेमाल करने के लिए आप पहले चाय बनाएं और फिर उसे ठंडा कर लें। आखिरी में, शैम्पू के बाद इससे रिंस करें।

# अपनाएं डाइट का नया मंत्र, मूड के हिसाब से बनाएं डाइट और रहें हमेशा हैप्पी-हैप्पी


लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है।

मूड और फूड का आपस में गहरा कनेक्शन होता है। जब भी हमारा मूड अच्छा नहीं होता है तो कुछ ना कुछ टेस्टी खाने का मन करता है या फिर जब भी हम अपनी पसंद का कुछ खा लेते हैं तो तुरंत ही मूड बदल जाता है। जब कभी थकान होती है तो बस अदरक वाली चाय पीने का मन करता है और जब हम खुश होते हैं तो कुछ मीठा खाना पसंद करते हैं। ऐसा इसलिए होता है क्योंकि मूड से हमारे फूड का गहरा कनेक्शन होता है। यही वजह है कि मूड-बेस्ड मील प्लान फॉलो करना काफी अच्छा माना जाता है, क्योंकि आप अपने खाने को अपने इमोशन्स से मैच करते हैं और इससे खाना सच में आपके मूड को सपोर्ट करे। आपको यह समझना चाहिए कि खाना सिर्फ पेट भरने के लिए नहीं है, बल्कि यह सीधे दिमाग और हार्मोन्स पर असर डालता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप किस तरह मूड बेस्ड डाइट ले सकते हैं-

**स्ट्रेस में खाएं ये चीजेंः** जब आप खुद को स्ट्रेस में फील करते हैं तो ऐसे समय में मैग्नीशियम और विटामिन बी से भरपूर चीजें जैसे पालक, ड्राई फ्रूट्स, बीज और ओट्स आदि का सेवन करना चाहिए। ये फूड्स आपके नर्वस सिस्टम को शांत करते हैं और स्ट्रेस हार्मोन कम करते हैं। जिससे आप खुद को रिलैक्स्ड फील करते हैं। इसके अलावा, हर्बल चाय या सूप का सेवन करना भी काफी अच्छा माना जाता है।

**लो फील करने पर खाएं ये चीजें :** लो फील करने पर आपको कंफर्ट फूड का सेवन करने का मन करता है। ऐसे में आपको हेल्दी ऑप्शन जैसे डार्क चॉकलेट, केला और बेरीज को चुन सकते हैं। इससे हैप्पी हार्मोन रिलीज होते हैं, जिससे आपका मूड अच्छा होता है। आप चाहें तो गरम-गरम खिचड़ी, दाल-चावल या वेज पास्ता जैसी चीजों का सेवन भी कर सकते हैं।

**गुस्सा आने पर खाएं ये चीजेंः** अगर आपको बहुत अधिक गुस्सा आ रहा है तो ऐसे में आपको कुछ ऐसी चीजों का सेवन करना चाहिए, जिनकी तासीर ठंडी हो। इस दौरान आप खीरा, दही, नारियल पानी और सलाद आदि खा सकते हैं। कोशिश करें कि इस दौरान आप मसालेदार या ऑयली फूड ना खाएं, क्योंकि इससे आप अधिक इरिटेटिड महसूस करेंगे।



# आगरा में आज ऐतिहासिक स्थल ताजमहल की सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत ताजमहल स्थायी सुरक्षा समिति के सदस्यों एडिशनल

**आगरा से संवाददाता मयूर खान**



आगरा में डायरेक्टर इंटेलिजेंस ब्यूरो, पुलिस आयुक्त आगरा, आईजी सीआईएसएफ, अपर पुलिस आयुक्त आगरा, डीआईजी पीएसी आगरा, डीसीपी नगर, कमांडेंट पीएसी 15वीं वाहिनी, कमांडेंट सीआईएसएफ, अपर जिलाधिकारी नगर, अधीक्षण पुरातत्वविद् एएसआई, डीएफओ, एसीपी ताजसुरक्षा, आगरा विकास प्राधिकरण, नगर निगम, पर्यटन विभाग के अधिकारीगण एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से ताजमहल परिसर का निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था का जायजा लिया गया। तदोपरांत सर्किट हाउस, आगरा में ताजमहल स्थायी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें ताजमहल की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक चाक-चौबंद, आधुनिक एवं बहु-स्तरीय बनाने हेतु विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने, सतत निगरानी बनाए रखने तथा किसी भी संभावित खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

# बहादुरगढ़ पुलिस ने महिला की हत्या का किया खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




हापुड़ जनपद के थाना बहादुरगढ़ क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर रुस्तमपुर का है जहां चार दिन पहले दिन निकलते ही पुलिस को सूचना मिली के घर के अंदर एक महिला की धारदार हथियार से बड़े ही बेरहमी से हत्या की गई है मर्डर की खबर सुनने के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया था तत्काल हापुड़ एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह पुलिस फोर्स के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थे। हापुड़ के एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने घटना की जांच करते हुए हत्या आरोपियों को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया था हालांकि मृतक महिला रीता शर्मा के मायके वाले पहले से ही पति पर हत्या करने का आरोप लगा रहे थे लेकिन पुलिस कोई निर्दोष न फसे इसीलिए जांच कर कार्रवाई करना चाहती थी, पुलिस ने महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और हर पहलू पर बड़े ही गहनता से जांच पड़ताल शुरू कर दी।

जांच के दौरान सात फेरे लेकर जिंदगी भर साथ निभाने वाले आरोपी पति साहिल सहित तीन अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया, इतना ही नहीं महिला रीता शर्मा की बेरहमी से गोदकर हत्या में इस्तेमाल किए गए चाकू को भी पुलिस ने बरामद कर लिया, जिसका आज पुलिस ने खुलासा करते हुए तीनों आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया पति ही निकला पत्नी की हत्या का गुनहगार।

# टी0बी0 एवम् कैंसर के सयुक्त स्क्रीनिंग शिविरों का हुवा शुभारंभ



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

हापुड़ जनपद के शासनादेश के अनुपालन में जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय जी के कुशल निर्देशन में एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 सुनील कुमार त्यागी जी के नेतृत्व में जनपद में दिनांक 6 फरवरी से 28 फरवरी तक कुल सौ स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जाना है जिसके अंतर्गत प्रथम शिविर आज जिला संयुक्त चिकित्सालय दस्तोई रोड परिसर में जिला संयुक्त चिकित्सालय की अधीक्षक डॉ0 हेमलता सिंह के दिशा निर्देशन मे किया गया। शिविर में उप जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ कृष्ण कुमार शर्मा एवम् डॉ चेतना शर्मा के द्वारा शिविर में आये सभी मरीजों की स्क्रीनिंग की गयी शिविर में जिला पी 0पी0 एम0 कोऑर्डिनेटर सुशील चौधरी ने मरीजों एवम् मरीजों के साथ आये तिमारदारो को टी 0बी0 के लक्षण उपचार निदान के साथ ही कैंसर के लक्षण उपचार व सावधानियों के विषय मे विस्तार से बताया गया कार्यक्रम में क्षय रोग विभाग से दीपक कुमार वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक हरीश चन्द टी 0बी0 एच 0 वी 0 एवम् ठउऊ से काउंसलर ऊषा गुप्ता जितेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

# विश्व कैंसर दिवस पर सारस्वती आयुर्विज्ञान संस्थान,हापुड़ के शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र द्वारा व्यापक सामुदायिक जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**




हापुड़ जनपद के पिलखुवा के अनवरपुर में सारस्वती आयुर्विज्ञान संस्थान, हापुड़ के सामुदायिक चिकित्सा विभाग के अंतर्गत शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर एक व्यापक सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम वैश्विक विषय ह्वविशिष्टता में एकताह्व पर केंद्रित रहा, जिसका उद्देश्य आम जनमानस को कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक पहचान तथा समय पर जांच एवं उपचार के महत्व के प्रति जागरूक करना था।यह कार्यक्रम डॉ.(ब्रिगेडियर) विनीत रस्तोगी,प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष,सामुदायिक चिकित्सा विभाग के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया तथा इसका प्रभावी समन्वय डॉ. विनय कुमार द्वारा किया गया। इस आयोजन के माध्यम से विभाग की निवारक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने तथा जनसहभागिता को बढ़ावा देने की संस्थागत प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दी।कार्यक्रम के प्रमुख आकर्षण के रूप में चिकित्सा स्नातक पाठ्यक्रम सत्र 2023 के छात्रों के द्वारा शहरी स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में एक स्वास्थ्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। छात्रों ने प्रभावशाली नारों एवं जानकारीपूर्ण तख्तियों के माध्यम से कैंसर की रोकथाम, प्रारंभिक चेतावनी संकेतों, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के महत्व से संबंधित संदेश आम जनता तक पहुँचाए। रैली को आसपास के क्षेत्रों के नागरिकों से उत्साहजनक समर्थन प्राप्त हुआ।इसके अतिरिक्त,डॉ. विनय कुमार,डॉ.विकार अहमद (कनिष्ठ चिकित्सक प्रथम वर्ष) एवं डॉ.लखन प्रताप सिंह (प्रशिक्षक) के द्वारा संरचित स्वास्थ्य जागरूकता व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। वक्ताओं ने समुदाय में सामान्य रूप से पाए जाने वाले कैंसर तथा उनके प्रमुख जोखिम कारकों जैसे तंबाकू सेवन,मादक पेय पदार्थों का उपयोग,अस्वस्थ आहार, शारीरिक निष्क्रियता एवं चिकित्सकीय परामर्श में विलंब पर विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, जांच कार्यक्रमों, शीघ्र निदान, प्रमाणित उपचार पद्धतियों तथा कैंसर से जुड़ी भ्रांतियों और गलत धारणाओं को दूर करने की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

# हापुड़ जिले की 'लेडी सिंघम' का जलवा कायम जनसुनवाई में हापुड़ पुलिस प्रदेश की नंबर-1,प्रभारी अरुणा राय हुई सम्मानित

**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**



हापुड़ जनपद में उत्तर प्रदेश के जनसुनवाई पोर्टल पर जनसमस्याओं के त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण में हापुड़ पुलिस ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी कार्यकुशलता का लोहा मनवाया है। इस शानदार उपलब्धि में महिला थाने की प्रभारी और 'लेडी सिंघम' के नाम से चर्चित अरुणा राय की अहम भूमिका रही है। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने अरुणा राय के बेहतरीन नेतृत्व और शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की सराहना करते हुए उन्हें नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी के साथ-साथ पुलिस विभाग के चार अन्य कर्मियों को भी उनकी कर्तव्यनिष्ठा के लिए पुरस्कृत गया है, जिससे विभाग के मनोबल में भारी बढ़ोत्तरी हुई है।?जनता के बीच अपनी मजबूत पकड़ और संवेदनशीलता के लिए जानी जाने वाली अरुणा राय न केवल प्रशासनिक कार्यों में अव्वल हैं, बल्कि छात्राओं और युवाओं के लिए एक प्रेरणा स्रोत भी बन गई हैं। सोशल मीडिया और सार्वजनिक कार्यक्रमों में उनकी सक्रियता ने पुलिस की छवि को जनता के बीच मित्रवत बनाया है। एसपी ने स्पष्ट किया कि पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का शत-प्रतिशत और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण ही हापुड़ पुलिस की प्राथमिकता है। इस उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि यदि नेतृत्व मजबूत हो और टीम समर्पित,तो तकनीक के माध्यम से न्याय को आम आदमी की दहलीज तक आसानी से पहुँचाया जा सकता है।

# संयम से जीवन में आती है समृद्धि और सम्पन्नता :- सौम्यगुणाश्रीजी



**वेलकम इंडिया**

**बाड़मेर राज।** थार नगरी, बाड़मेर नगर में शुक्रवार को विहार सेवा ग्रुप प्रेरिका, सरल,सौम्य स्वभावी, शारदा-पुत्री प. पू. साध्वीश्री सौम्यगुणाश्री जी मसा आदि ठाणा-6 का महावीर चौक, कल्याणपुरा स्थित श्री पार्श्वनाथ जिनालय से ढ़ोल-ढ़माकों के साथ स्वागत सौमेये से मंगल प्रवेश हुआ।

संयम अनुमोदना महोत्सव संयोजक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि थार नगरी बाड़मेर की संयम रत्ना, मालू परिवार की कुलदीपिका मुमुक्षु कु. सन्तोष की भागवती दीक्षा में पावन निश्रा की कड़ी में प. पू. साध्वीश्री सौम्यगुणाश्रीजी मसा. आदि ठाणा-6 का बाड़मेर नगर में मंगल पर्दापण व आगमन हुआ। जिस कड़ी में शुक्रवार को प्रातः में श्री पार्श्वनाथ जिनालय महावीर चौक कल्याणपुरा से जैन धर्म के जयकारों व ढ़ोल-ढ़माकों के साथ मंगल प्रवेश हुआ। सह-संयोजक मोहित लूणिया ने बताया कि साध्वीजी भगवन्त आदि ठाणा का आगमन का स्वागत सौमया महावीर चौक, कल्याणपुरा से आगाज होकर माणक अस्पताल, साधर्मिक सेवा समिति, आराधना भवन, प्रतापजी की प्रोल, पीपली चौक, ढ़ाणी बाजार, जूना केराडू मार्ग, महावीर सर्किल, मुमुक्षु सन्तोष मालू के निवास से राहिड़ा पाड़ा स्थित श्री सूरज मिश्रीमलजी बोथरा उण्डखा वालों के भवन तक आयोजित हुआ। विहार सेवा ग्रुप, बाड़मेर के अध्यक्ष मुकेश मालू ने बताया कि गुरूवर्याश्रीजी के स्वागत-सौमेये में बड़ी संख्या में जैन श्रावक-श्राविकाएं शामिल हुई । प्रवेश स्वागत सौमेये में जिनशासन विहार सेवा ग्रुप, जिनशासन युवती मंच, जिनशासन महिला मंच, केयुप, बाड़मेर सहित विभिन्न संस्थाओं व संगठनों के पदाधिकारी व सदस्यगण उपस्थित रहे।

# नूरपुर के कृषकों को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया टीम ने कराया एक्सपोजर विजिट




**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**नूरपुर।** डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया की टीम द्वारा किसानों की आजीविका सुदृढ़ीकरण, जल संरक्षण एवं प्राकृतिक संसाधनों के सतत उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनपद अमरोहा से, जनपद बिजनौर से नूरपुर एवं जनपद मुरादाबाद से कुंदरकी ब्लॉक के किसानों को डब्ल्यूडब्ल्यूएफ इंडिया टीम के पंकज कुमार एवं कपिल गुर्जर के नेतृत्व में जैविक खेती के विशेषज्ञ पद्म श्री अवार्ड से सम्मानित भारत भूषण त्यागी के प्रयोगिक केंद्र बुलंदशहर का एक्सपोजर विजिट कराया गया। किसानों को प्राकृतिक खेती, जल संरक्षण, उन्नत कृषि पद्धतियों एवं नवाचारों से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराया गया। भारत भूषण त्यागी के मार्गदर्शन में संचालित विभिन्न मॉडल्स को नजदीक से देखा और खेती से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। कृषकों ने इस कार्यक्रम को अत्यंत लाभकारी बताते हुए कहा कि इस प्रकार के एक्सपोजर विजिट से उन्हें नई तकनीकों को अपनाने की प्रेरणा मिलती है ।

# आरिष्टी एवं रस्म पगड़ी में गणमान्य लोगों ने दी श्रद्धांजलि



**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**

**चांदपुर।** समाजसेवी आशु गोयल की माता अर्चना गुप्ता के निधन के उपरांत उनकी पुण्य आत्मा की शांति हेतु आयोजित आरिष्टी एवं रस्म पगड़ी कार्यक्रम में नगर क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने पहुँचकर श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम नगर स्थित वृन्दावन गार्डन, बिजनौर-बाईपास रोड, चांदपुर में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा के प्रति अपनी संवेदनाएँ व्यक्त करते हुए शोकाकुल परिवार को सांत्वना दी। श्रद्धांजलि सभा में समाजसेवी, व्यापारी, जनप्रतिनिधि एवं नगर के प्रतिष्ठित नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए। वक्ताओं ने अर्चना गुप्ता के सरल स्वभाव एवं पारिवारिक मूल्यों की सराहना की। इस मौके पर सुशील कुमार गुप्ता (पति), आशु गोयल (पुत्र), वांशु गोयल (पुत्र), नगर क्षेत्र के समस्त गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना मेंहदावल अन्तर्गत मेंहदावल ब्लाक पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं व ब्लॉक कर्मचारीगण को साइबर अपराधों से बचाव विषयक गोष्ठी का किया गया आयोजन

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम थाना अमित कुमार के पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम थाना द्वारा थाना मेंहदावल अन्तर्गत मेंहदावल ब्लाक पर आंगनबाड़ी कार्यकताओं व ब्लॉक कर्मचारीगण को ह्लसाइबर अपराधों से बचावह्व विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया । कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं साइबर सेल के विशेषज्ञों द्वारा लगभग 200 लोगों को ऑनलाइन ठगी, सोशल मीडिया हैकिंग, फर्जी कॉल, ओटीपी फ्रॉड, लिंक क्लिक धोखाधड़ी सहित विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । साथ ही बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या मैसेज पर तुरंत प्रतिक्रिया न दें तथा किसी भी स्थिति में अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें । पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा लगातार इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति प्रेरित किया जा रहा है । इस दौरान खंड विकास अधिकारी मेहदावल, प्रभारी निरीक्षक साइबर क्राइम थाना जय प्रकाश चौबे, उ0नि0 रमेश यादव, म0आ0 अमृता सिंह सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजुद रहे ।

# न्यू हैवन इंटर कॉलेज में 15 मदरसों के छात्र देंगे परीक्षा

**वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा**



**नूरपुर।** न्यू हैवन इंटर कॉलेज नूरपुर में मदरसा शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परीक्षाएं मुंशी/मौलवी/आलिम की परीक्षा 9 फरवरी 2026 से 14 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। ये परीक्षाएं दो पालियो में आयोजित करायी जायेगी। प्रथम पाली प्रातः 8 बजे से 11 बजे तक तथा द्वितीय पाली 2 बजे से शाम 5 तक आयोजित करायी जायेगी।

न्यू हैवन इंटर कॉलेज के प्रबंधक नफीस अहमद मंसूरी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस परीक्षा केंद्र पर 15 मदरसो के छात्र व छात्राएं परीक्षा देंगे। इसमें मदरसा अध्याउल उलूम महदूद नशो, मदरसा इस्लामिया अरबिया तनवीरुल कुरान सेला, मदरसा शमा मेमोरियल पब्लिक स्कूल नूरपुर, मदरसा मौलाना अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इंटर कॉलेज नूरपुर, मदरसा शिवाला पब्लिक हाई स्कूल शिवाला कला, मदरसा हसीना परवीन मैमोरियल गर्ल्स इंटर कॉलेज मकसूदपुर, मदरसा महताब निस्वा रहता बिल्लौच आदि मदरसा के छात्र व छात्राए परीक्षा देंगे।

# पूर्व प्रधान की संदिग्ध परिस्थितियों मौत, गुस्साए परिजनों ने हाईवे पर लगाया जाम

वेलकम इंडिया





**बुलंदशहर :** बुढ़ासी गांव के पूर्व प्रधान की शुक्रवार सुबह को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

छतारी थाना क्षेत्र के गांव बुढ़ासी निवासी बिन्नी सिंह (45) पुत्र श्रीनिवास (पूर्व प्रधान) का शव अलीगढ़ अनूपशहर रोड़ स्थित किंग होटल के निकट पड़ा मिला है। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेते हुए जांच पड़ताल शुरू कर दी। इतना ही नहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भी भेज दिया। मृतक के परिजनों ने बताया कि बिन्नी सिंह गुरुवार की रात नुमाइश देखने अलीगढ़ गए थे। लेकिन रात तक घर नहीं लौटे। आरोप है कि पूर्व प्रधान की हत्या के बाद शव को सड़क किनारे फेंक दिया गया है। गुस्साए लोगों ने पहले थाने पर जाकर हंगामा काटते हुए अलीगढ़ अनूपशहर हाईवे पर जाम लगाया। हाईवे पर ग्रामीणों द्वारा जाम लगाए जाने की सूचना मिलते ही खुर्जा सीओ शोभित कुमार कई थानों की पुलिस बल के बाद मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने परिजनों को काफी समय तक समझा बुझा कर शांत किया। उधर परिजनों को हर संभव मदद के साथ कार्यवाही करने का आश्वासन देते हुए जाम को खुलवाया है।एसपी देहात डा. तेजवीर सिंह ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है। पुलिस तमाम बिंदुओं पर जांच पड़ताल कर रही है।

# सेमरियावां ब्लॉक मुख्यालय में गंदगी का साम्राज्य, जिम्मेदार बने मौन दर्शक

वेलकम इंडिया



**सेमरियावां।** संतकबीरनगर जहां एक ओर सरकार स्वच्छ भारत मिशन के तहत गांव-गांव साफ-सफाई का संदेश दे रही है, वहीं सेमरियावां ब्लॉक मुख्यालय में इसके ठीक उलट हालात देखने को मिल रहे हैं। सचिव कार्यालय व सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) कार्यालय के बगल में लंबे समय से कचरे का अंबार लगा हुआ है, लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की नजर इस ओर नहीं पड़ रही है। ब्लॉक परिसर में फैली गंदगी न सिर्फ आम लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, बल्कि अधिकारियों की कार्यशैली पर भी सवाल खड़े कर रही है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह कचरे का ढेर एडीओ पंचायत कार्यालय के बिल्कुल पास मौजूद है, इसके बावजूद न तो सफाई की कोई व्यवस्था की गई और न ही संबंधित कर्मियों को कोई निर्देश दिए गए। स्थानीय लोगों का कहना है कि ब्लॉक मुख्यालय जैसे महत्वपूर्ण सरकारी परिसर में इस तरह की गंदगी से संक्रमण फैलने का खतरा बना रहता है। साथ ही, बाहर से आने वाले ग्रामीणों और फरियादियों पर भी इसका गलत संदेश जाता है। अब सवाल यह उठता है कि जब ब्लॉक स्तर के अधिकारी ही स्वच्छता को लेकर गंभीर नहीं हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था कैसे सुधरेगी। लोगों ने जिला प्रशासन से तत्काल संज्ञान लेकर सफाई कराने की मांग की है। इस सम्बन्ध में एडीओ पंचायत राधेश्याम चौधरी ने बताया कि जल्द ही कचरे की ढेर को हटाया जायेगा।

# लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की भव्य चार्टर नाइट आयोजित, समाजसेवा को समर्पित नए अध्याय की शुरूआत

वेलकम इंडिया

**प्रयागराज।** प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित आनंद कॉन्टिनेंटल में लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की भव्य चार्टर नाइट का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. अर्पण धनुवेदी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सविता अग्रवाल एवं लायन वंदना दुबे जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। क्लब की अध्यक्षा तृप्ति पवार ने अपने संबोधन में बताया कि लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की स्थापना उनकी माँ स्वर्गीय लायन प्रमिला सिंह की स्मृति में की गई है, जो लायंस संगठन की एक अत्यंत सम्मानित एवं समर्पित सदस्य रही हैं। उन्होंने कहा कि यह क्लब समाजसेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा तृप्ति पवार, सचिव आयुषी अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष जया मनोहर ने संयुक्त रूप से चार्टर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी क्लब सदस्यों का परिचय कराया गया तथा इंटरनेशनल स्तर से प्राप्त सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की एक्सटेंशन चेयरपर्सन माधवी अग्रवाल जी रहीं, जबकि गाइडिंग लायन के रूप में लायन प्रतिभा सहाय एवं लायन अरुणास्थना जी ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रमिला क्लब द्वारा स्थापित लियो क्लब रेनबो के चार्टर का भी भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लियो क्लब रेनबो की अध्यक्षा परमिका सिंह, सचिव फलक हसन एवं कोषाध्यक्ष देवांशी श्रीवास्तव ने अपने चार्टर का उद्घाटन किया तथा सभी लियो सदस्यों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। लियो सदस्य अनिका अग्रवाल ने बांसुरी पर ईश वंदना प्रस्तुत की। वहीं लियो मेंबर्स आराध्या प्रकाश, आद्या मनोहर सहित अन्य सदस्यों ने मधुर गायन प्रस्तुत किया। लायन प्रमिला सिंह की स्मृति में उनके ग्रैंड चिल्ड्रन्स सौरवी, देवांशी एवं काव्या ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट 321ए के जाने-माने पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (पीडीजी), प्रयागराज के विभिन्न लायंस क्लबों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य, रीजन और जोन पर्सन सहित अनेक सम्मानित चेयरपर्सन उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाजसेवा, संस्कार और संगठनात्मक एकता का सशक्त संदेश दिया।

# मेडिकल कालेज के स्टूडेंटों से मारपीट, छात्रों ने सड़क किया जाम


असदुल्लाह सिद्दीकी



**सिद्धार्थनगर।** शहर के सिद्धार्थ तिराहे पर शुक्रवार शाम को मेडिकल कॉलेज के छात्रों ने जमकर हंगामा किया। दो मेडिकल छात्रों का युवकों से विवाद के बाद बीच-बचाव करने पर दुकानदार को पीट दिया। 300 से अधिक की संख्या में सिद्धार्थ तिराहे पहुंचे छात्रों ने सड़क जाम कर दी।

सदर थाना पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर मामले को शांत कराया। इस दौरान मुख्य तिराहे पर 40 मिनट तक अफरा-तफरी रहा। आवागमन करने वालों के साथ दुकानदार पर डरे सहमे हुए नजर आए। पुलिस का कहना है कि शिकायती पत्र मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।जानकारी के अनुसार, शहर के नगर पालिका कार्यालय के पास माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कॉलेज के दो छात्र सामान खरीदने के लिए आए थे। बताया जा रहा है कि इसी बीच शहर के दो लड़कों से विवाद हो गया और नौबत हाथापाई तक पहुंच गई। छात्रों को पिटता देखकर सर्राफ झगड़ा छुड़ाने के लिए पहुंचा। इस बीच मारपीट करने वाले लड़के मौके से भाग निकले। छात्रों ने इस बात की जानकारी अपने साथ एमबीबीएस के छात्रों को दे दी। मेडिकल कॉलेज से घटनास्थल की दूरी तकरीबन तीन किलोमीटर है। जानकारी मिलने के बाद देखते ही देखते ही मौके पर 300 से अधिक छात्र धीरे-धीरे करके एकत्र हो गए और हो-हल्ला शुरू कर दिया। जब छात्र वहां पहुंचे तो वहां आरोपियों को न पाकर सराफा पर ही टूट पड़े। दुकान से खींचकर उसकी पिटाई की। इस दौरान छुड़ाने गईं सर्राफ की मां को भी धक्का लगा। इसके बाद दुकानदार से माफी मंगवाने के लिए उसकी दुकान के साथ ही सिद्धार्थ तिराहा रोड जाम कर दी। मामले की जानकारी मिलते ही शहर कोतवाल और मेडिकल कॉलेज के कुछ डॉक्टर मौके पर पहुंचे और कार्रवाई का आश्वासन देकर उन्हें वहां से उठवाया। लगभग सात मिनट के जाम में अफरा-तफरी का माहौल रहा। छात्रों का हंगामा देखकर राहगीर सहम गए। ठेला लगाने वाले भागते हुए नजर आए। शहर कोतवाल दुर्गा प्रसाद ने बताया कि मामले की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंच गए थे। समझा-बुझाकर मामले को शांत करवाया गया। अगर तहरीर मिलेगी तो मामले की जांच करके कार्रवाई की जाएगी।

# कार और कंटेनर की भीषण भिड़ंत में तीन घायल



वेलकम इंडिया

शिकारपुर/कस्बा अहमदगढ़ में एक भीषण सड़क हादसा हुआ बुलंदशहर की ओर से आ रहे एक कंटेनर और डिबाई की तरफ से आ रही ब्रेजा कार की मेरठ बदायूं मार्ग पर थाने के निकट आमने-सामने की टक्कर हो गई इस हादसे में ब्रेजा कार में सवार तीन युवक घायल हो गए टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गए घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई हादसे की सूचना मिलते ही अहमदगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को एंबुलेंस की मदद से डिबाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया थाना प्रभारी प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि सभी घायल युवकों का इलाज अस्पताल में चल रहा है सभी को भर्ती करा दिया गया है और उनका इलाज जारी है।

# बुगरासी में पत्रकार की बाईक लेकर चोर फरार स्थानीय पुलिस में हड़कंप

बुगरासी। चार दिन पहले एक चोर एक पत्रकार की बाईक उठाकर फरार हो गया।जैसे ही पत्रकार की बाईक चोरी की सूचना स्थानीय पुलिस को मिली हड़कंप मच गया।बस फिर क्या था पुलिस आनन फानन में दौड पडी और बुगरासी के चारों तरफ पुलिस मुस्तैद हो गई।जब इस बात का पता चोर को लगा कि बाईक एक स्थानीय पत्रकार की है और पुलिस ने बुगरासी को चारों तरफ से घेर रखा है तो चोर बाईक को चुपके से उसी स्थान पर खडा करके उडनछू हो गया जहां पहले बाईक खडी थी। पुलिस की इस कार्यप्रणाली की प्रशंसा तो होनी चाहिए कि केवल आधा घंटे में चोर खुद बाईक खडी करके उडनछू हो गया। फिलहाल पुलिस उस उडनछू होने वाले चोर की पहचान करने में जुटी है। चौकी प्रभारी अजीत सिंह का कहना है कि ऐसे उडनछू चोर का पता लगाकर उसको कानून के होने का एहसास तो दिलाना ही पड़ेगा ताकि भविष्य ऐसा ना कर पाये।

# नैनो उर्वरकों पर आधारित कृषि विभाग का प्रशिक्षण कार्यक्रम किया गया आयोजित

वेलकम इंडिया




**संतकबीरनगर।** विकास भवन सभागार में नैनो उर्वरकों पर आधारित कृषि विभाग के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में डॉ सर्वेश कुमार यादव जी, जिला कृषि अधिकारी, संत कबीर नगर, गोरखपुर से पधारे वरिष्ठ क्षेत्र प्रबंधक डॉ वीके सिंह जी, सहा आयुक्त एवं सहा निबंधक श्री आनंद कुमार मिश्रा जी, एस- पी पी ओ श्री अजय दीप सिंह, इफको क्षेत्र प्रतिनिधि आशीष वर्मा, रऋअ गिरजेश मौर्य, रऋअ हॉटस्पॉट पंकज चौधरी, जनपद के सभी एडीओ- कृषि, प्राविधिक सहायक, एटीम, बीटीएम सहित लगभग 55 लोगों ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्र प्रतिनिधि इफको संत कबीर नगर द्वारा सभी का स्वागत कर किया गया। डॉ वीके सिंह द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत पुष्प गुच्छ दे कर किया गया। कार्यक्रम में डॉ वीके सिंह जी ने सभागार में उपस्थित जनपद के कृषि विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कॉपर, सागरिका तरल एवं दानेदार, जल विलेय उर्वरक आदि के उपयोग विधि, उपयोग समय, सावधानियों एवं लाभ आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई एवं कृषि विभाग द्वारा किये जा रहे सभी कार्यक्रम में नैनो डीएपी एवं नैनो यूरिया प्लस के बारे में कृषकों को जागरूक किए जाने की बात कही जिससे कि कृषकों के उत्पादन लागत में भी कमी आए एवं फसलों का उत्पादन भी बढ़े। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि विभागीय कार्यों के साथ साथ नैनो उर्वरक का प्रयोग को बढ़वा देने का निर्देश दिया। एवं किसान की पैकेज ऑफ प्रैक्टिस में नैनो उर्वरक को प्रयोग में लाए। जिससे दानेदार उर्वरक पर निर्भरता कम हो सके एवं मृदा, जल एवं पर्यावरण सुरक्षित रहे।

अंत में आशीष कुमार वर्मा द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापित कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# छात्र इंटरमीडिएट परीक्षा में 33 प्रतिशत अंक पर होते पास तो टेट व सीटेट में 33 प्रतिशत अंक पर क्यों नहीं होते पास : शैलेंद्र कुमार एडवोकेट

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में शिक्षक बनने के लिए छात्र-छात्राओं को टेट और सीटेट की परीक्षा 55 प्रतिशत अंक अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति एवं 60 प्रतिशत अंक सामान्य वर्ग को पास करना अनिवार्य किया गया। परीक्षा को पास करने के बाद भी छात्र-छात्राओं को एक साक्षात्कार देना पड़ता है और इसके उपरांत एक मेरिट लिस्ट लगाई जाती है जिसके अनुसार छात्र-छात्राओं का शिक्षक भर्ती में सिलेक्शन होता है। इतना सब करने के बाद छात्र-छात्राएं शिक्षक बन पाते हैं जिसमें टेट और सीटेट को मात्र पास करना है तो उसे हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा की तरह 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर ही पास क्यों नहीं माना जाए। शैलेंद्र कुमार एडवोकेट द्वारा बताया गया कि जनपदों में 02 तरह के नियम हाइस्कूल,इंटर, बी ए, और एम ए में पास होने के लिए पासिंग अंक 33 और 40 प्रतिशत है और टेट और सीटेट में पास होने के लिए पासिंग अंक 55 और 60 प्रतिशत क्यों ? जिसमें बदलाव होना छात्र-छात्राओं के भविष्य एवं रोजगार प्राप्त करने हेतु अति आवश्यक है। ऐसे में सरकार के नियमों के विरुद्ध एवं बदलाव लाने के लिए उच्च न्यायालय इलाहाबाद/ प्रयागराज में रिट दायर करनी छात्र-छात्राओं के न्यायहित में होगा। शिक्षक बनने के लिए इतनी परीक्षा एवं साक्षात्कार को पास करना छात्र-छात्राओं की भविष्य एवं रोजगार के लिए कठिन रास्ता सरकार द्वारा बनाया गया है जिसमें बदलाव लाना जरूरी है,छात्र-छात्राओं को न्याय दिलाने के लिए एवं उनके भविष्य को देखते हुए रोजगार दिलाने हेतु टेट और सीटेट में पास होने के लिए पासिंग अंक को लेकर उच्च न्यायालय में रिट दायर करनी चाहिए।

# भक्तमाल कुटी में निंबार्क भूषण डॉ. (प्रो.) प्रेम नारायण श्रीवास्तव स्मृति महोत्सव 08 फरवरी को

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी)



**वृन्दावन।** अठखंबा क्षेत्र (निकट श्री मोटे गणेश मन्दिर) स्थित भक्तमाल कुटी में श्रीभक्तमाल परिषद् व ॒निंबार्क भूषण॒ डॉ. (प्रो.) प्रेम नारायण श्रीवास्तव स्मृति समिति के संयुक्त तत्वावधान में श्रीभक्तमाल जयंती महोत्सव तथा ॒निंबार्क भूषण॒ निकुंजवासी डॉ. (प्रो.) प्रेम नारायण श्रीवास्तव (हिन्दी विभागाध्यक्ष, प्राच्य दर्शन संस्थान, वृन्दावन) का पुण्य स्मृति महोत्सव 08 फरवरी 2026 को अत्यन्त श्रद्धा और धूमधाम के साथ आयोजित किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत प्रातः 07 बजे से 10 बजे तक सन्त-सेवा, पूजन अर्चन एवं अमनिया वितरण होगा।तत्पश्चात पूर्वाह्न 09 बजे से 12:30 बजे तक सुमधुर संगीतमय श्रीभक्तमाल जी का पाठ व मंगल बधाई समाज गायन सम्पन्न होगा।

उन्होंने बताया कि महोत्सव के अंतर्गत विशिष्ट जन सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा।जिसमें धर्म-अध्यात्म के क्षेत्र में शरणागति आश्रम के महंत बिहारीदास भक्तमाली महाराज, संगीत के क्षेत्र में निंबार्क संप्रदाय के समाज मुखिया प्रेमदास महाराज, साहित्य के क्षेत्र में प्रख्यात साहित्यकार ॒यूपी रत्न॒ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, शिक्षा के क्षेत्र में प्रमुख शिक्षाविद् डॉ. प्रताप पाल शर्मा (पूर्व प्राचार्य - प्राच्य दर्शन संस्थान, वृन्दावन) एवं ब्रज संस्कृति के क्षेत्र में प्रख्यात रासाचार्य स्वामी कुंज बिहारी शर्मा (भैयाजी) को सम्मानित किया जाएगा।साथ ही उन्हें ॒डॉ. प्रेम नारायण श्रीवास्तव स्मृति सम्मान - 2026॒ से अलंकृत किया जाएगा।कार्यक्रम का समापन सन्त, वैष्णव ब्रजवासी वैष्णव सेवा एवं वृहद भंडारे के साथ होगा।कार्यक्रम के संयोजक शुभम श्रीवास्तव ने सभी से इस महोत्सव में उपस्थित होने का अनुरोध किया है।

# डीएम ने ग्राम चौपाल मे सुनीं फरियादियों की जनसमस्याएं

असदुल्लाह सिद्दीकी




उसका बाजार/ सिद्धार्थनगर।जनसमस्याओं के प्रभावी और पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शुक्रवार को गांव की समस्या, गांव में समाधान अभियान के तहत जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्राम पंचायत फुलवरिया में चौपाल लगाई। मौके पर मौजूद संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी ने लाभार्थियों से पुष्टाहार, पेंशन, शौचालय, राशन, कन्या सुमंगला योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभ मिलने की जानकारी ली। खुटवा बनगवां निवासी रामचंद्र, गौरा निवासी रमई ने बताया कि वह दो वर्ष से आवास के लिए चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन अभी तक सुनवाई नहीं हुई। दोनों आंखों से मोहित (18) दिव्यांग है, लेकिन प्रमाण पत्र न बनने के कारण योजनाओं का लाभ नहीं पा रहा। इन दोनों मामले में डीएम ने त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो पात्र किन्हीं योजनाओं से वंचित रह गए हैं, उन्हें शीघ्र चिह्नित कर लाभान्वित किया जाए।

बेसिक शिक्षा से डीबीटी की समीक्षा करते हुए डीएम ने ग्रामीणों से विद्यालय में अध्यापकों की उपस्थिति, मध्याह्न भोजन, शिक्षण व्यवस्था के संबंध में जानकारी ली। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर जिलाधिकारी सीएचसी अधीक्षक डॉ. एसके पटेल से गांव की एचआरपी (हाई रिस्क प्रेग्नेंसी) महिलाओं की जानकारी लेते हुए उन्हें विशेष निगरानी में रखने और ड्यू लिस्ट के अनुसार टीकाकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। स्वास्थ्य कैंप लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाए जाने और पशु चिकित्सक को पशुओं के टीकाकरण के निर्देश दिए।

ग्राम सचिव अखिलेश यादव को सभी हैंडपंपों की रिबोरिंग करने एडीओ पंचायत को स्वच्छता व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने गर्भवतियों की गोद भराई और बच्चों का अन्न प्राशन संस्कार कराकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।

इस दौरान सीडीओ बलराम सिंह, सीएमओ डॉ. रजत कुमार, बीएसए शैलेश कुमार, श्रम परिवर्तन अधिकारी उज्ज्वल त्रिपाठी, बीडीओ ओम प्रकाश गुप्ता, (आईपीएस) सीओ सदर विश्वजीत सौरयान, उसका थाना प्रभारी हरेकृष्ण उपध्याय, बीईओ ओपी मिश्र, श्रीश प्रताप यादव (सोनू) आदि मौजूद रहे।

# लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की भव्य चार्टर नाइट आयोजित, समाजसेवा को समर्पित नए अध्याय की शुरूआत

वेलकम इंडिया




**प्रयागराज।** प्रयागराज के सिविल लाइंस स्थित आनंद कॉन्टिनेंटल में लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की भव्य चार्टर नाइट का आयोजन अत्यंत गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस विशेष कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर डॉ. अर्पण धनुवेदी रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सविता अग्रवाल एवं लायन वंदना दुबे जी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

क्लब की अध्यक्षा तृप्ति पवार ने अपने संबोधन में बताया कि लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की स्थापना उनकी माँ स्वर्गीय लायन प्रमिला सिंह की स्मृति में की गई है, जो लायंस संगठन की एक अत्यंत सम्मानित एवं समर्पित सदस्य रही हैं। उन्होंने कहा कि यह क्लब समाजसेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का एक सशक्त माध्यम बनेगा। इस अवसर पर क्लब की अध्यक्षा तृप्ति पवार, सचिव आयुषी अग्रवाल एवं कोषाध्यक्ष जया मनोहर ने संयुक्त रूप से चार्टर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी क्लब सदस्यों का परिचय कराया गया तथा इंटरनेशनल स्तर से प्राप्त सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया। लायंस क्लब प्रयागराज प्रमिला की एक्सटेंशन चेयरपर्सन माधवी अग्रवाल जी रहीं, जबकि गाइडिंग लायन के रूप में लायन प्रतिभा सहाय एवं लायन अरुणास्थना जी ने मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम में प्रमिला क्लब द्वारा स्थापित लियो क्लब रेनबो के चार्टर का भी भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। लियो क्लब रेनबो की अध्यक्षा परमिका सिंह, सचिव फलक हसन एवं कोषाध्यक्ष देवांशी श्रीवास्तव ने अपने चार्टर का उद्घाटन किया तथा सभी लियो सदस्यों को सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम को और भी यादगार बना दिया। लियो सदस्य अनिका अग्रवाल ने बांसुरी पर ईश वंदना प्रस्तुत की। वहीं लियो मेंबर्स आराध्या प्रकाश, आद्या मनोहर सहित अन्य सदस्यों ने मधुर गायन प्रस्तुत किया। लायन प्रमिला सिंह की स्मृति में उनके ग्रैंड चिल्ड्रन्स सौरवी, देवांशी एवं काव्या ने भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुति देकर सभी को भावुक कर दिया। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट 321ए के जाने-माने पूर्व डिस्ट्रिक्ट गवर्नर (पीडीजी), प्रयागराज के विभिन्न लायंस क्लबों के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्य, रीजन और जोन पर्सन सहित अनेक सम्मानित चेयरपर्सन उपस्थित रहे। कार्यक्रम ने समाजसेवा, संस्कार और संगठनात्मक एकता का सशक्त संदेश दिया।

# डीएम साहब एक नजर इधर भी उप स्वास्थ्य केंद्र को ग्रामीणों ने बनाया उपला घर जिम्मेदार बेखबर

**बुलंदशहर।** अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव सौरखा में उप स्वास्थ्य केंद्र ग्रामीणों के उपले पाथने और लकड़ी रखने का अड्डा बन गया है। लाखों रुपए की लागत से उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद डॉक्टरों की राह देख रहा है। उप स्वास्थ्य केंद्र बनने के बाद डॉक्टर तो नहीं आए लेकिन ग्रामीणों ने उप स्वास्थ्य केंद्र को उपले पाथने और लकड़ी रखने का अड्डा जरूर बना लिया है। आखिर सरकार ने लाखों रुपया खर्च किया तो स्वास्थ्य विभाग ने रखरखाव और देखभाल क्यों नहीं की। स्थानीय ग्रामीण बोले अगर उप स्वास्थ्य केंद्र नहीं चल रहा है तो यहां पर पुलिस चौकी ही बना दी जाए।

जब सरकार ने लाखों रुपए की लागत से बिल्डिंग बनाई है तो उस पैसे का दुरुपयोग स्वास्थ्य विभाग ने क्यों कर डाला है। क्या अब ग्रामीणों की मांग के आधार पर वहां चौकी बन पाएगी या सरकारी बिल्डिंग जर्जर हालत में पड़ी रहेगी।

# ईडी आवास के बगल में लाखों के जेवरातों की चोरी, चोरों ने रिफाइनरी नगर की सुरक्षा व्यवस्था को दी खुली चुनौती

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** रिफाइनरी नगर की हाई-प्रोफाइल सुरक्षा व्यवस्था को ठेंगा दिखाते हुए चोरों ने गुरूवार की बीती रात एक बड़ी वारदात को अंजाम दिया है। चोरों ने रिफाइनरी प्रबंधन के एक वरिष्ठ अधिकारी के आवास को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये के आभूषण पार कर दिए है। चौंकाने वाली बात यह है कि यह चोरी ईडी बंगले के ठीक बगल में बंगले में हुई है, जिससे टाउनशिप की सुरक्षा पर गंभीर सवालिया निशान लग गए हैं। जानकारी के अनुसार, रिफाइनरी के वरिष्ठ अधिकारी का परिवार एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए कोलकाता गया हुआ था। घर सूना पाकर चोरों ने इत्मीनान से हाथ साफ किया। बंगले के दरबाजे का ताला चटका हुआ देखकर लोगों ने शादी में गए हुए अधिकारी को फोन किया, तब पता चला कि रिफाइनरी के बड़े अधिकारी के यहां से चोरों ने लाखों के जेवरात और कीमती सामान पर हाथ साफ किया है। रिफाइनरी नगर की सुरक्षा का जिम्मा लगभग सवा सौ डीजीआर गार्ड्स के कंधों पर है, जिन पर प्रबंधन सालाना करोड़ों रुपये खर्च करता है। इसके बावजूद, वीवीआईपी क्षेत्र में हुई इस सेंधमारी ने सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। स्थानीय निवासियों में इस घटना को लेकर भारी आक्रोश और भय का माहौल है। ?नगर वासियों ने सुरक्षाकर्मियों की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल उठाए हैं। लोगों का कहना है कि, ?सुरक्षाकर्मी गेटों पर आम नागरिकों और आगंतुकों को चेकिंग के नाम पर बेवजह परेशान करते हैं।

# प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव बने डॉ राजीव शर्मा

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ आजाद बेग की संस्तुति पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने डॉ राजीव शर्मा को कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रदेश महा सचिव नियुक्त किया है। इससे पूर्व डॉ शर्मा चिकित्सा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं। डॉ राजीव शर्मा की नियुक्ति पर जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर, पूर्व विधायक प्रदीप माथुर, शहर अध्यक्ष रविंद्र मुकद्दम एवं अन्य वरिष्ठ कांग्रेस जनो ने हर्ष व्यक्त किया है एवं आशा व्यक्त की है कि कांग्रेस उनकी नियुक्ति से और मजबूत होगी।

# सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिलाधिकारी की बैठक हुई संपन्न

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान 2026 के संबंध में समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों में भारतीय जनता पार्टी से आकाश चौधरी, समाजवादी पार्टी से प्रदीप चौधरी व वीरेन्द्र यादव, कांग्रेस से बलवीर प्रधान व अशोक कुमार श्रीवास्तव, बहुजन समाज पार्टी से प्रेमप्रकाश व मुनेन्द्र सिंह निगम तथा सीपीआईएम से मुंशीलाल उपस्थित रहे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व डॉ पंकज कुमार वर्मा भी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को अवगत कराया कि जनपद के समस्त मतदान केंद्रों पर मतदाता सहायता केन्द्र स्थापित किए जाएंगे। सभी मतदाता सहायता केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी प्रत्येक कार्य दिवस में पूर्वाहन 10 बजे से मध्याह्न 12 बजे तक उपस्थित रहेंगे। जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि बूथ लेवल अधिकारी द्वारा मतदाता सहायता केन्द्र पर पात्र नागरिकों को मैपिंग तथा दावे और आपत्तियों से सम्बन्धित फार्मों को भरने में सहायता प्रदान की जाएगी। बैठक में अवगत कराया गया कि दिनांक 05 फरवरी 2026 तक जनपद में 80935 फॉर्म 6, 1115 फॉर्म 7 तथा 16646 फॉर्म 8 प्राप्त हुए है।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा 8 फरवरी को

वेलकम इंडिया



**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा के हजरते फातिमा व अल फातिमा ग्लोबल एकेडमी सालेहपुर द्वारा आगामी 8 फरवरी को मौलाना अबुल कलाम आजाद सामान्य ज्ञान एवं विज्ञान प्रतियोगिता की परीक्षा का आयोजन किया गया। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय के प्रबंधक मौलाना सैयद मोहम्मद निजाम अशरफ ने बताया कि परीक्षा 08/02/2026 (दिन झ रविवार को हजरते फातिमा गर्ल्स इंटर कालेज सालेहपुर में होगी। परीक्षा का परिणाम 10/02/2026 (दिन झ मंगलवार) को घोषित किया जाएगा। परिणाम की सूचना कॉल या संदेश के माध्यम से दी जाएगी)। उन्होंने बताया कि पुरस्कार वितरण कार्यक्रम दिनांक 12 फरवरी को किया जायेगा। उन्होंने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल परीक्षा आयोजित करना नहीं, बल्कि बच्चों के ज्ञान, आत्मविश्वास और प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। आपके विश्वास और सहयोग से ही हम आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की ओर निरंतर अग्रसर हैं। प्रतियोगिताएँ बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को निखारने का सशक्त माध्यम होती हैं। ऐसे आयोजनों से बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और सीखने की ललक बढ़ती है।

# स्वयंसेविकाओं ने हर घर पहुंचाया विकास का संदेश



वेलकम इंडिया

**मथुरा/गोवर्धन।** आदर्श कामिनी शिक्षा निकेतन गोवर्धन की स्वयंसेविकाएं इस वक्त तन मन से गांव सकीतरा की तस्वीर बदलने में लगी हुई हैं उनके सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सकीतरा में किया जा रहा है जिसका केंद्र ग्राम का प्राथमिक विद्यालय है। स्वयंसेविकाएं गली-गली घर-घर पहुंचकर लोगों को स्वच्छता, साक्षरता, स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के संदेश दे रही हैं, एवं खास जोर लोगों को केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं पर दिया जा रहा है। स्वयंसेविकाएं छोटे बच्चों के लिए उपहार एकत्रित कर उन्हें वितरित कर रही है और साथ ही खुद अपने व्यक्तित्व के विकास हेतु अन्य अभ्यास कर रही हैं आज विशेष शिविर का पांचवा दिन है जिसमें दिन की शुरूआत बालिकाओं ने योग अभ्यास से की उसके पश्चात स्वल्पाहार के बाद बालिकाएं हर घर तक अपना संदेश लेकर पहुंचने लगी। बालिकाओं ने क्षेत्र में बढ़ते साइबर अपराध पर पर भी लोगों को सचेत किया और घर की माताओं बहनों एवं बच्चों को स्वस्थ जीवन के नुस्खे बताए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अर्चना भट्ट ने बताया की बालिकाएं पूर्ण रूप से इस शिवर में भागीदार ही कर रही हैं एवं प्राथमिक विद्यालय सकीतरा के शिक्षक उनका पूर्ण सहयोग कर रहे हैं। कार्यक्रम में नियमित रूप से पूर्व कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती शालिनी भारद्वाज, खगेंद्र कौशिक एवं योगेश कुमार शुक्ला का पूर्ण सहयोग रहा। ग्राम सभा की तरह के निवासी भी बालिकाओं को पूर्ण समर्थन दे रहे हैं, इस अवसर पर प्राथमिक विद्यालय की प्रधान अध्यापिका श्रीमती शीतल, श्रीमती अनीता राजरानी, श्रीमती अनीता दुबे आदि अध्यापिकाएं उपस्थित रहीं।

# गोवर्धन में आंगनवाड़ी केंद्र बना मजदूरों का अस्थायी आवास, बच्चों की पढ़ाई व पोषण व्यवस्था बाधित

वेलकम इंडिया




**मथुरा।** गोवर्धन विकास खंड की ग्राम पंचायत अडींग में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र अपने मूल उद्देश्य से हटकर उपयोग में लिया जा रहा है। बच्चों की शिक्षा, पोषण और देखभाल के लिए बनाए गए इस केंद्र में वर्तमान में मजदूरों को ठहराया गया है, जिससे आंगनवाड़ी का संचालन पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

जानकारी के अनुसार गांव अडींग के आंगनवाड़ी केंद्र में जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन खुदाई का कार्य चल रहा है। इस कार्य में लगे मजदूर आंगनवाड़ी भवन में निवास कर रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि वे बिहार से काम करने आए हैं और ग्राम सचिव यतिन शर्मा द्वारा उन्हें यहां ठहरने की व्यवस्था कराई गई है।

केंद्र में रह रहे मजदूर नौंसाद खान और मोहम्मद आजाद ने बताया कि जब तक पाइपलाइन का कार्य चलेगा, वे यहीं रहेंगे। उनके अनुसार यह कार्य लगभग दो से चार महीने तक चल सकता है। मजदूरों का कहना है कि उन्हें किसी अन्य स्थान पर ठहरने का विकल्प नहीं दिया गया है। आंगनवाड़ी केंद्र में मजदूरों के रहने से बच्चों के बैठने, पढ़ने और पोषण संबंधी गतिविधियों के लिए कोई स्थान उपलब्ध नहीं है, जिससे छोटे बच्चों की शिक्षा और पोषण व्यवस्था पूरी तरह ठप हो गई है। इस स्थिति को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। अमित, सोनू, मनोज, उदय प्रताप सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि मजदूरों के लिए शीघ्र वैकल्पिक आवास की व्यवस्था की जाए और आंगनवाड़ी केंद्र को बच्चों के लिए जल्द से जल्द पुनः संचालित किया जाए।

# उत्कृष्ट सेवा हेतु एक निरीक्षक और तीन पुलिस जवानों को आईजी कुमाऊँ ने किया सम्मानित

वेलकम इंडिया



**बागेश्वर,** पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोडके के कुशल नेतृत्व में जनपद पुलिस के अधिकारी व कर्मचारी कर्तव्यनिष्ठा और सेवा के नए मानक स्थापित कर रहे हैं। बागेश्वर पुलिस में तैनात एक निरीक्षक और तीन पुलिस जवानों को उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों एवं सराहनीय सेवा के लिए पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊँ रिधिम अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया है। आईजी कुमाऊँ द्वारा यह सम्मान कुमाऊ परिक्षेत्र के पुलिस विभाग में पेशेवर दक्षता, अपराध नियंत्रण, जटिल मामलों के सफल अनावरण और सामुदायिक पुलिसिंग में महत्वपूर्ण योगदान देने पर प्रदान किया गया है। बागेश्वर पुलिस से सम्मानित होने वाले पुलिस कर्मियों में एसओजी प्रभारी निरीक्षक सल्लाउद्दीन खान, कांस्टेबल नरेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह बोरा, कुलदीप वर्मा को सम्मानित किया गया है। पुलिस अधीक्षकचन्द्रशेखर घोड़के ने सम्मानित होने वाले सभी कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान उनकी कड़ी मेहनत और ईमानदारी का परिणाम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि अन्य पुलिस कर्मी भी इससे प्रेरणा लेकर पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे। वही पुलिस उपाधीक्षक अजय साह, वरिस्ठ निरीक्षक टी आर बगरेठा, कोतवाल अनिल उपाध्याय, कोतवाल कैलाश नेगी, इंस्पेक्टर राजेन्द्र सिंह रावत सहित एसआई कैलाश बिष्ट, दीपक बिष्ट, खष्टी बिष्ट आदि ने बधाई दी है।

# पीएम श्री जनपद स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

वेलकम इंडिया



**मथुरा।** बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा पीएम श्री उच्च प्राथमिक विद्यालयों की जनपद स्तरीय खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को गणेशरा स्टेडियम में किया गया। जिसमें लगभग 12 पीएम श्री परिषदीय विद्यालय के लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रतन कीर्ति, जिला क्रीड़ा अधिकारी राकेश यादव ने दीप प्रज्जवलित कर किया। खेलों में प्राथमिक बालक वर्ग 50 मीटर रेस, बालिका वर्ग 50 मीटर रेस, 100 मीटर बालक-बालिका वर्ग, 200 मीटर बालक-बालिका वर्ग के साथ साथ लम्बी कूद, कबड्डी में विभिन्न पीएम श्री प्राथमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। विजयी खिलाड़ियों को पुरुस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चौधरी ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को ईनाम दिया तथा विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियां बच्चों के सर्वांगीण विकास की मजबूत नींव हैं। सरकार द्वारा शिक्षा के साथ-साथ प्रतिभाओं को निखारने हेतु ऐसे आयोजनों से भविष्य की सशक्त पीढ़ी तैयार हो रही है। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की और कहा सुन्दर विद्यालय तभी माना जाता है जब उसमें शिक्षा देने वाले शिक्षक भी सुंदर हो। जिनमें शिक्षा और संस्कार दोनों हो, शिक्षक पद सबसे बड़ा पद होता है, शिक्षक को देखकर ही अध्यायनरत बच्चे उनसे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को संस्कारवान बना पाता है। त्रेता और द्वापर युग में भगवान श्रीकृष्ण ने बरगद पेड़ के नीचे शिक्षा और संस्कार ग्रहण किए थे वहीं श्रीराम भगवान ने पेड़-पौधों से शिक्षा ली थी। इसलिए शिक्षावान और संस्कारवान होने के पीछे गुरु का महत्व होता है। कार्यक्रम के दौरान गणेशरा स्टेडियम में उत्साह, अनुशासन और सकारात्मक ऊर्जा का संचार देखने को मिला। कार्यक्रम में मुख्य रूप से बेसिक शिक्षा विभाग के रविंद्र चौधरी, विक्रांत कुमार, बलवीर सिंह सहित समस्त पीएम श्री विद्यालयों के प्रभारी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राजकीय हाई स्कूल में विदाई समारोह के दौरान छात्रों को पुरस्कृत किया गया

संदीप तिवारी



**मिजार्मुराद कछवारोड़।** सेवापुरी ब्लॉक के ठठरा गांव स्थित राजकीय हाई स्कूल के प्रांगण में विदाई शुक्रवार को विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्रों ने विदाई समारोह के अवसर पर कक्षा 9 और कक्षा 10 के छात्रों ने मिलन के दौरान लोगों से गिले शिकवे दूर किया। कक्षा 10 के छात्रों को 9 वीं के छात्रों ने बोर्ड की परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर धूमधाम से विदाई समारोह मनाया। इस मौके पर पंख पोर्टल में सना, साइमा, श्रद्धा, समा, श्रुति राजभर के अलावा विज्ञान प्रदर्शनी में सना, रोज, अर्जुन, शिवानंद, अंशु गुप्ता, पुरस्कार दिया गया। इस मौके पर कक्षा में 100% उपस्थिति के लिए बालक वर्ग में आकाश यादव प्रथम सोनालू यादव द्वितीय अर्जुन को तृतीय स्थान बालिका वर्ग में सृष्टि को प्रथम महिमा को द्वितीय सोनाली विश्वकर्मा को प्रीति स्थान पर स्मृति चिन्ह देकर प्रधानाध्यापिका रहमत आया ने सम्मानित किया गया। संचालन सहायक अध्यापिका वीणा गौड़ ने किया। इस मौके पर सहायक अध्यापकों में श्वेता, स्मिता सिंह, गीता सिंह, कुमारी श्वेता सहित अन्य मौजूद रहे।

# सेलिब्रिटी मिसेज एशिया विजयता सच्चदेवा ने रचा इतिहास, पहली बार एक ही संस्था के 12 बच्चों का वाराणसी में कैलेंडर लॉन्च

वेलकम इंडिया



**वाराणसी।** सेलिब्रिटी मिसेज एशिया और समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय विजयता सच्चदेवा ने वाराणसी में एक नया इतिहास रच दिया। पहली बार किसी एक ही संस्था से जुड़े 12 बच्चों को एक साथ कैलेंडर पर लॉन्च कर उन्होंने न सिर्फ उन्हें पहचान दी, बल्कि उनके सपनों को नई उड़ान भी प्रदान की। यह आयोजन सामाजिक सरोकार और मॉडलिंग की दुनिया में सकारात्मक बदलाव का सशक्त उदाहरण बनकर सामने आया। कैलेंडर लॉन्च कार्यक्रम में सोनाली और अनुष्का को स्पेशल गेस्ट के रूप में आमंत्रित किया गया, जहां उनका विशेष सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर विजयता सच्चदेवा ने बताया कि ये सभी 12 बच्चे उसी संस्था से हैं, जिनके साथ वे लगातार काम कर रही हैं। उनका उद्देश्य बच्चों को मंच, पहचान और आत्मविश्वास देना है, ताकि वे अपने भविष्य के फैसले खुद मजबूती से ले सकें। विजयता सच्चदेवा ने बताया कि इन बच्चों को पिछले वर्ष उनके द्वारा आयोजित सात दिवसीय निःशुल्क मॉडलिंग वर्कशॉप में प्रशिक्षित किया गया था, जहां जूरी मेंबरों द्वारा उनका चयन किया गया। इसके बाद इन बच्चों को वाराणसी में आयोजित सेलिब्रिटी नाइट कार्यक्रम में प्लास्टिक फ्री इंडिया अभियान के तहत वॉक करने का अवसर मिला और उन्हें शाइनिंग स्टार मॉडल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। कैलेंडर लॉन्च में भी इन बच्चों को पुनः शामिल कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को बार-बार मंच देना इसलिए जरूरी है ताकि उनमें जिम्मेदारी का एहसास हो, वे सीनियर बनकर आगे आने वाले बच्चों का मार्गदर्शन कर सकें और अपनी संस्था के अन्य बच्चों को भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करें।

प्रेसवार्ता में विजयता सच्चदेवा ने विश्वास जताया कि ये बच्चे भविष्य में मॉडलिंग की दुनिया में एक अलग पहचान बना सकते हैं और बड़े बदलाव ला सकते हैं। उन्होंने कहा कि सही दिशा, सही ज्ञान और अपने अधिकारों की समझ के साथ ये बच्चे न सिर्फ अपने हक की पहचान करेंगे, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज के लिए मिसाल भी पेश करेंगे। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी सात दिवसीय वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य बच्चों को मॉडलिंग की बारीकियां सिखाना, कमाई के सही तरीकों की जानकारी देना और उन्हें अपने अधिकारों के लिए जागरूक करना है—चाहे वे सक्षम परिवार से हों या किसी संस्था से जुड़े हों। कार्यक्रम के अंत में विजयता सच्चदेवा ने सरकार से भी अपील की कि कमजोर वर्ग के बच्चों को इस क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए विशेष योजनाएं लाई जाएं। उन्होंने मांग की कि ऐसे बच्चों को डिजाइनर, मॉडल या टाइटल होल्डर के रूप में सरकारी स्तर पर सम्मान और सहयोग मिले, ताकि वे आत्मनिर्भर बन सकें और दूसरों को भी आत्मनिर्भर बनाने की प्रेरणा दे सकें।

## खेत में टहल रहे युवक पर जंगली गीदड़ का हमला, हालत गंभीर

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में खेत पर टहल रहे एक युवक पर अचानक जंगली गीदड़ ने हमला कर दिया। इस हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घायल अवस्था में युवक को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल शामली रेफर किया गया है। घायल युवक की पहचान जनपद बागपत के थाना छपरौली क्षेत्र के गांव लूम निवासी पंकज पुत्र तेजपाल के रूप में हुई है। पंकज का खेत थाना क्षेत्र के गांव खेड़ा कुर्तान में स्थित है। शुक्रवार को वह अपने खेत पर टहल रहा था, तभी अचानक झाड़ियों से निकलकर एक जंगली गीदड़ ने उस पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से पंकज संभल नहीं सका और गीदड़ ने उसे बुरी तरह घायल कर दिया। युवक की चीख-पुकार सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर दौड़े और शोर मचाकर गीदड़ को भगाया। इसके बाद घायल पंकज को तुरंत कांधला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया, लेकिन हालत गंभीर होने के कारण उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल शामली रेफर कर दिया गया।

# झलकारी बाई ने महाराष्ट्र लोक नृत्य प्रस्तुत कर किया प्रथम स्थान प्राप्त



वेलकम इंडिया

**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी** कस्बे के राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में रेंजर्स के पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के चतुर्थ दिवस पर शिविर का शुभारंभ स्काउट गाइड ध्वजारोहण के साथ हुआ। ध्वजारोहण में रेंजर्स ने वी फॉर्मेशन मे प्रतिभाग किया। प्रार्थना एवं झंडा गीत के उपरांत रेंजर्स ने महाविद्यालय प्रांगण में श्रमदान किया। प्रशिक्षिका गीता रानी एवं गायत्री देवी के द्वारा रेंजर्स को पायनियरिंग प्रोजेक्ट के अंतर्गत मंकी ब्रिज बनाना और तंबू बनाना बिना बर्तन के भोजन बनाना आदि का प्रशिक्षण दिया गया। शिविर के द्वितीय पहर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में टीम लीडर मुस्कान की टोली नंबर एक झलकारी बाई ने महाराष्ट्र लोक नृत्य प्रस्तुत कर प्रथम स्थान, टीम लीडर जैनब की टोली इंदिरा गांधी ने राजस्थानी लोक नृत्य कर द्वितीय स्थान, प्रेरणा जैन की टोली नंबर दो सावित्रीबाई फुले ने बंगाल का लोक नृत्य प्रस्तुत कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल में मुन्नालाल गर्ल्स पीजी कॉलेज सहारनपुर की प्राध्यापक प्रो. सीमा रानी, लाल किशन चंद राजकीय महाविद्यालय की सहप्राध्यापिका रचना मिश्रा एवं गृह विज्ञान विभाग की सहप्राध्यापिका डॉ लक्ष्मी गौतम रही। प्रो. सीमा रानी ने कार्यक्रम में उपस्थित रहते हुए छात्राओं को आशीर्वचन दिया।

## दहेज हत्या के मामले में फरार पति गिरफ्तार, बाबूगढ़ पुलिस की सक्रियता से मिली बड़ी सफलता

वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह



**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस टीम ने दहेज हत्या के गंभीर मामले में वांछित चल रहे आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद भर में अपराधियों के विरुद्ध सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बाबूगढ़ थाना पुलिस लगातार सक्रियता और सतर्कता के साथ कार्य कर रही है। इसी क्रम में पुलिस टीम ने सूझबूझ, तकनीकी साक्ष्यों और मुखबिर की सूचना के आधार पर अभियुक्त को दबोचने में सफलता प्राप्त की।बाबूगढ़ पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास और मजबूत हुआ है। स्थानीय नागरिकों ने पुलिस की तत्परता और कार्यशैली की सराहना करते हुए इसे अपराधियों के लिए सख्त संदेश बताया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जनपद में अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा तथा किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा। बाबूगढ़ पुलिस की मुस्तैदी और जिम्मेदार कार्यप्रणाली एक बार फिर जनता के सामने सकारात्मक उदाहरण बनकर उभरी है।

# कैंट सदर के नाले उफान पर सफाई को लेकर लोगों में आक्रोश, भाजपा नेता रजत वालिया मौके पर पहुंचे

उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार



**मेरठ।** वार्ड नंबर छः मौहल्ला धर्म पुरी सदर में फारुख का भाई शफीक द्वारा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अवैध पशु डेयरी संचालन कर रहा है सफाई कर्मचारी ने बताया पशुओं का गोबर नाले में बहाया जा रहा है शुक्रवार को नाला सफाई को लेकर धर्म पुरी के लोगों ने बताया नालों की गंदगी अब सड़कों पर उतर आई है सफाई व्यवस्था चरमरा गई है वहीं आज मौहल्ला धर्म पुरी के वरिष्ठ नागरिकों ने नाला सफाई को लेकर कैंट बोर्ड सफाई अधिक्षक भी के त्यागी से शिकायत की तो मौके पर सफाई कर्मचारी पहुंचे नालों से कुडा निकाला गया कर्मचारियों ने कहा सीता राम झटका मीट शॉप के निकट चौराहे पर संकरी पुलिया के कारण रोका लग जाता है पुलिया का चौड़ीकरण होने पर ही समस्या का पुर्ण समाधान हो सकता है वहीं मौके पर पहुंचे भाजपा वार्ड अध्यक्ष रजत वालिया से वरिष्ठ नागरिक भूपेंद्र सतीश वर्मा धवल मल्होत्रा (सीए) व बिट्टू व अन्य ने इस क्षेत्र की अनेकों समस्या समाधान व अवैध कब्जा व पशु डेयरी हटाई जाने की मांग की गई वहीं मौके का सर्वे कराया गया। वहीं सफाई कर्मचारीयों ने बताया पशु डेयरी संचालकों द्वारा गोबर नाले नालियों में बहाया जाने की जानकारी दी। लोगों ने सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा कर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की बात कही वहीं अध्यक्ष ने मौके पर मनोनीत सदस्य डॉ सतीश शर्मा से बात कर क्षेत्र की सफाई व अन्य समस्याओं के समाधान हेतु जानकारी दी गई रजत वालिया ने बताया जल्द ही कैंट बोर्ड सीईओ से मिल कर धर्म पुरी पार्क का सौंदर्यीकरण व सरकारी भूमि को कब्जा मुक्त की कार्रवाई की मांग की जायेगी तथा इस इलाके का निरीक्षण हेतु सीईओ का दौरा भी करेंगे।

## ओडिशा राज्यसभा चुनावः डॉ. पबित्र मोहन सामंतराय चर्चा में

एहसान अंसारी



**नई दिल्लीः** ओडिशा में 2 अप्रैल को होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। चार सीटों के बीच जारी सियासी समीकरणों के बीच वरिष्ठ पत्रकार और सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. पबित्र मोहन सामंतराय का नाम प्रमुखता से चर्चा में है। डॉ. सामंतराय ओड़िया दैनिक पर्यवेक्षक और अंग्रेजी दैनिक द कलिंगा क्रॉनिकल समूह के प्रधान संपादक हैं। वे राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ (आर पी एम) नेशनल मीडिया कन्फेडरेशन (एन एम सी) और इंडियन फेडरेशन ऑफ स्मॉल एंड मीडियम न्यूजपेपर्स (आईएफएसएमएन), नई दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। गौरतलब है कि डॉ. सामंतराय ने वर्ष 2009 में भाजपा के टिकट पर ओडिशा के बड़चना विधानसभा क्षेत्र से चुनाव भी लड़ा था। मीडिया अधिकारों, पत्रकारों की सुरक्षा और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियों में उनकी सक्रिय भूमिका को देखते हुए, उनकी राज्यसभा उम्मीदवारी को लेकर राजनीतिक और मीडिया हलकों में चचाएं तेज हो गई हैं।

## चाइनीज मांझे के खिलाफ पुलिस का सघन अभियान, दुकानदारों को दी सख्त चेतावनी




वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में प्रतिबंधित चाइनीज मांझे से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी हापुड़ नगर वरुण कुमार मिश्रा के नेतृत्व में बाजारों एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में जागरूकता व चेकिंग अभियान चलाया गया।वहीं क्षेत्राधिकारी पिलखुवा द्वारा भी प्रतिबंधित चाइनीज मांझा बेचने वालों के विरुद्ध बाजारों और दुकानों पर सघन चेकिंग की गई। इस दौरान दुकानदारों को चाइनीज मांझे की बिक्री न करने की सख्त हिदायत दी गई तथा नियमों का उल्लंघन करने पर विधिक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई। पुलिस अधिकारियों ने आमजन से अपील की कि वे प्रतिबंधित मांझे का प्रयोग न करें, क्योंकि इससे आए दिन दुर्घटनाएं होती हैं और लोगों की जान को खतरा बना रहता है। पुलिस का यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

## शामली को मिले दो नए निरीक्षक, एसपी ने तीसरा स्टार लगाकर दी बधाई

वेलकम इंडिया



**कांधला। संवादाता मोहसिन रहमानी।** उत्तर प्रदेश पुलिस में पदोन्नति की बड़ी प्रक्रिया के अंतर्गत प्रदेश भर में 121 उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। इसी क्रम में जनपद शामली से भी दो उप निरीक्षकों को निरीक्षक के पद पर प्रमोशन मिला है। इस उपलब्धि से पुलिस विभाग में खुशी का माहौल बना हुआ है। जनपद शामली की अपराध शाखा में तैनात उप निरीक्षक संजय त्यागी और कांधला थाने में एसएसआई के पद पर कार्यरत उप निरीक्षक सुभाष सिंह को उप निरीक्षक से निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया है। पदोन्नति की सूचना मिलते ही दोनों अधिकारियों को बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। पुलिसकर्मियों, अधिकारियों और शुभचिंतकों ने उन्हें फोन और व्यक्तिगत रूप से शुभकामनाएं दीं। पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने दोनों नवपदोन्नत निरीक्षकों को तीसरा स्टार लगाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। एसपी ने कहा कि पदोन्नति के साथ जिम्मेदारियां भी बढ़ जाती हैं और उम्मीद जताई कि दोनों अधिकारी पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे।कांधला थाने में तैनात रहे सुभाष सिंह को उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और अनुशासित कार्यशैली के लिए जाना जाता है। आमजन के बीच उनकी साफ-सुथरी छवि रही है और उन्होंने हमेशा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी पदोन्नति को उनकी मेहनत, लगन और ईमानदार सेवा का परिणाम माना जा रहा है। पुलिस महकमे में इस पदोन्नति को लेकर उत्साह का माहौल है और इसे विभाग के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया जा रहा है।

## संदूक का ताला तोड़ चांदी के जेवर व नगदी लेकर फरार हो जाने का आरोप

वेलकम इंडिया



**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के मोहल्ला खैल खालापार में पारिवारिक विवाद के बीच चोरी कर फरार होने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसके पति की दूसरी पत्नी घर में रखे चांदी के जेवरात और पचास हजार रुपये की नकदी चोरी कर किसी व्यक्ति के साथ फरार हो गई, जबकि अपने तीनों बच्चों को घर पर ही छोड़ गई।

मोहल्ला खैल खालापार निवासी शबनम पत्नी महबूब ने शुक्रवार को थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि उसके पति ने गुलिस्तां नाम की महिला से दूसरी शादी कर रखी है। गुलिस्तां अपने तीन बच्चों के साथ पीड़िता के मकान में ही रह रही थी। आरोप है कि गुरुवार की रात्रि गुलिस्तां ने पीड़िता के संदूक का ताला तोड़ दिया और उसमें रखे चांदी के जेवरात व पचास हजार रुपये की नगदी चोरी कर ली। इसके बाद वह अपने बच्चों को छोड़कर किसी अज्ञात व्यक्ति के साथ फरार हो गई। पीड़िता ने पुलिस को यह भी बताया कि गुलिस्तां पूर्व में भी घर से नकदी और जेवरात लेकर फरार हो चुकी है, लेकिन उस समय पारिवारिक स्तर पर समझौता हो जाने के कारण कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई थी। अब दोबारा इस तरह की घटना होने से पीड़िता मानसिक रूप से काफी परेशान है और उसने पुलिस से सख्त कार्रवाई की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर जांच शुरू कर दी गई है। फरार महिला की तलाश की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपी महिला को बरामद कर मामले का खुलासा किया जाएगा।

## स्याना विधानसभा कार्यालय पर विधायक का स्वागत

**बुलंदशहर।** अपना दल एस के स्याना विधानसभा कार्यालय पर क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र सिंह लोधी का अपना दल एस बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी द्वारा माला पहनाकर एवं बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्टी कार्यकताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास कार्यों को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए गठबंधन की सहयोगी पार्टी अपना दल एस जनपद बुलंदशहर में जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी के नेतृत्व में लगातार संगठन को मजबूत करने का कार्य कर रही है। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष संदीप त्यागी का भी विधानसभा अध्यक्ष दीपक गौतम द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम में देवेंद्र सिंह लोधी (विधायक स्याना), राजकुमार भुर्जी (जिला अध्यक्ष, अपना दल एस), संदीप त्यागी (मंडल अध्यक्ष भाजपा), दीपक गौतम (विधानसभा अध्यक्ष), गंगाशरण चौहान (जिला अध्यक्ष शिक्षक मंच), गोपाल शर्मा (जिला अध्यक्ष बौद्धिक मंच), डॉ. प्रशांत लोधी (चिकित्सा मंच), प्रतीक भारद्वाज (जिला उपाध्यक्ष युवा मंच), मुन्ना अहमद अल्वी, अंकुर पाल, दर्शन कुमार आदि।

## कार ने बाइक सवारों में मारी टक्कर एक महिला और बच्चा गंभीर रूप से घायल अस्पताल में भर्ती

स्याना/बुलंदशहर/स्याना से खानपुर रोड स्थित मोहनराम मन्दिर के पास स्याना से आ रही। वेगनार कार ने सामने से तेज रफ्तार से आ रही थी बाइक सवार तीन लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से एक महिला व बच्चा गम्भीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने आनन फानन में घायलों को नजदीकी सरकारी अस्पताल स्याना में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने नाजुक हालत देखते हुए बुलंदशहर जिला अस्पताल को रेफर कर दिया। सूचना मिलने पर डायल 112 पहुंची।गाडी को अपने कब्जे में लेकर कोतवाली स्याना ले आई। जानकारी के अनुसार सागर ज्योति व आयुष तीनों बाईक सवार चादंपुर से स्याना को आ रहे थे। कोतवाली प्रभारी यज्ञदत्त शर्मा ने बताया कि घायलों का अस्पताल में उपचार चल रहा है। और वेगनार गाडी को कब्जे में लेकर जांच की जा रही है।

# 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये का बजट पारित

वेलकम इंडिया

**सहारनपुर।** महापौर डॉ. अजय सिंह की अध्यक्षता में नगर निगम बोर्ड कार्यकारणी की बैठक में आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये का मूल बजट प्रस्तुत किया गया। यह बजट गत वर्ष के मूल बजट से 47 करोड़ 65 लाख 61 हजार रुपये ज्यादा है। बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। बजट में 102 करोड़ 44 लाख 60 हजार रुपये स्वअर्जित आय का लक्ष्य रखा गया है। यह लक्ष्य गत वर्ष (वित्तीय वर्ष 2025-26) की स्व अर्जित आय से 33 करोड़ 36 लाख 30 हजार रुपये अधिक है। लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी ने आज वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 738 करोड़ 48 लाख 57 हजार रुपये का मूल बजट प्रस्तुत किया। बजट में 32 गांवों के लिए अलग से 06 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा अंतयेष्टि स्थल विकास के लिए दो करोड़ तथा विकास निधि के रुप में 12 करोड़ का प्रावधान रखा गया है। लेखाधिकारी ने कार्यकारणी के समक्ष बजट रखते हुए बताया कि बजट में जलकल के लिए 59 करोड़ 20 लाख, निर्माण के लिए 260 करोड़ 15 लाख, स्वास्थय के लिए 21 करोड़ 30 लाख, गौशाला के लिए 08 करोड़ 25 लाख रुपये तथा उद्यान के लिए 06 करोड़ 18 लाख रुपये की व्यवस्था की गयी है। चर्चा के बाद बजट सर्वसम्मति से पारित किया गया। महापौर डॉ. अजय कुमार ने कहा कि शहर में जो भी व्यवसायिक गतिविधियां हो रही हैं उन सभी को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाएं। पार्षदों के सुझाव पर नगरायुक्त शिपू गिरि ने निजी स्कूलों, स्कूल बसों और आरामशीनों को लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने के सम्बंध में प्रस्ताव बनाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। महापौर ने निर्माण कार्यो में गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध कार्य कराने पर जोर देते हुए कहा कि जो ठेकेदार विलंब करते है, ऐसे ठेकेदारों को चिह्नित कर उन पर शिकंजा कसा जाए। उन्होंने डॉ. ए पी जे अब्दुल कलाम नगरीय सौर पुंज योजना की धनराशि का सद्उपयोग करने के भी निर्देश दिए। महापौर ने जलकल विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए कि जहां भी नाला निर्माण हो वहां यह सुनिश्चित कर लें कि पेयजल पाइप लाइन उसे क्रॉस न करे। पार्षदों ने भवन नामान्तरण कार्य तथा जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र प्रक्रिया के सरलीकरण की मांग की। इसके अलावा शहर की सफाई व्यवस्था, वार्डो में सफाई कर्मियों की संख्या बढ़ाने, बेहट बस अड्डे पर बसों की पार्किंग के लिए शुल्क में वृद्धि कर पुनः पार्किंग के लिए यूनियन को देने, हबीबगढ़ रोड का निर्माण कराने, कुत्तों के लिए शैल्टर होम बनवाने, जिन क्षेत्रों में वाटर पाइप लाइन नहीं है वहां पाइप लाइन बिछवाने, प्रत्येक अंत्येष्टि स्थल पर हाई मास्ट लाईट लगवाने, कूड़ा घरों को हटाकर वहां सेल्फी प्वाइंट बनवाने, खनन की गाड़ियों और टैज्क्टर ट्रालियों को भी लाइसेंस शुल्क के दायरे में लाने आदि विषयों पर कार्यकारणी सदस्यों ने विस्तार से चर्चा की।



# राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप में महिला यूथ,जूनियर एवं सीनियर वर्ग की खिलाड़ियों ने भाग लिया

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राष्ट्रीय भारोत्तोलन चैंपियनशिप के तीसरे दिन खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर प्रतियोगिता को रोमांचक बना दिया।इस अवसर पर 53 किग्रा भार वर्ग की महिला यूथ, जूनियर एवं सीनियर वर्ग की खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इस भार वर्ग में पदक जीतने वाली खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की एथलीट हैं, जिनके बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला।खिलाड़ियों ने अपनी श्रेष्ठ तकनीक, शक्ति और अनुभव का शानदार प्रदर्शन किया।इस प्रतियोगिता में यूथ जूनियर और सीनियर वर्ग की एथलीट कोयल बार ने यूथ और जूनियर वर्ग में स्नैच, क्लीन एंड जर्क तथा टोटल तीनों वर्गों में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड स्थापित कर इतिहास रच दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन ने सभी दर्शकों और खेल प्रेमियों को गर्व से भर दिया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री एवं भाजपा नेता रामकिशोर अग्रवाल (मोदीनगर), डॉ. पवन सिंघल जी (मोदीनगर) तथा भारतीय भारोत्तोलन महासंघ के अध्यक्ष श्री सहदेव यादव जी विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता का सफल संचालन द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित विजय शर्मा जी के कुशल मार्गदर्शन एवं देखरेख में किया जा रहा है, जिससे आयोजन उच्च स्तर पर संपन्न हो रहा है।अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं युवा खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं और देश के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने की प्रेरणा प्रदान करती हैं। यूथ वर्ग (महिला 53 किग्रा) के परिणाम प्रथम स्थान (स्वर्ण पदक): कोयल बार, पश्चिम बंगाल झ टोटल 185 किग्रा द्वितीय स्थान (रजत पदक): बेलना भार्गवी, आंध्र प्रदेश झ टोटल 179 किग्रा रहा।

# शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाएं- डॉ मंजू शिवाच




**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** विधायक डॉ मंजू शिवाच ने गांव वासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मोदीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गांव पंचायत सैदपुर हुसैनपुर डीलना में आयोजित ह्लसुशासन ग्राम चौपाल / ग्रीन चौपाल झ प्रशासन गांव की ओरह्व कार्यक्रम में विधायक डॉक्टर मंजू शिवाच उपस्थित रहीं और ग्रामवासियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।विधायक डॉ मंजू शिवाच ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था/विधवा पेंशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत कार्ड आदि का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सुनिश्चित रूप से पहुंचाया जाए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख श्रीमती सुचेता सिंह भी उपस्थित रही।

# वरिष्ठ कवि दरबार सिंह राजपूत ब्रजकरण को उत्कृष्ट साहित्यकार सम्मान से किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** वरिष्ठ कवि दरबार सिंह राजपूत ब्रजकरण को जानोदय साहित्य परिचर्चा फाउंडेशन के द्वारा उत्कृष्ट साहित्यकार सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। जानोदय साहित्य परिचर्चा फाउंडेशन द्वारा गत 31 जनवरी को लखनऊ में आयोजित हिंदी अभिज्ञान कार्यक्रम में मोदीनगर के वरिष्ठ कवि दरयाब सिंह राजपूत ब्रजकरण के साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के दृष्टिगत रखते हुए उनको उत्कृष्ट साहित्यकार सम्मान 2026 से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ कवि ब्रजकरण सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र के कवियों एवं गणमान्य लोगों ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

# ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल दौड़ में प्रतियोगिता आयोजित हुआ

**वेलकम इंडिया**



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** ट्रिनिटी इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल,अबूपुर रोड, मुरादनगर (जिला गाजियाबाद) में प्ले से प्रेप तक के विद्यार्थियों के लिए दौड़ प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बैलून रेस, बैगपैक रेसऔर ज़िगजैग रेस शामिल थीं। बच्चों की दौड़ के दौरान मैदान मानो उत्साह और उमंग से गूंज उठा।उनकी तेज रफ्तार, चमकती मुस्कान और जोशीले कदम हर किसी को रोमांचित कर रहे थे।खेलों में भाग लेते समय उनकी ऊर्जा और आनंद ने वातावरण को उत्सव जैसा बना दिया।स्कूल अध्यक्ष डॉ. संदीप रुहेला,ट्रस्ट मैनेजर श्रीमती ऋतु गोयल और प्रधानाचार्या श्रीमती सलोनी पंवार, ने सभी विद्यार्थियों को उनकी उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी। अब बारी है उन प्रतिभाशाली विजेताओं की, जिन्होंने अपनी मेहनत और लगन से विभिन्न दौड़ों में शानदार प्रदर्शन किया। विभिन्न दौड़ों में विजेता छात्रों की सूची इस प्रकार है: बैलून रेस सान्वी :प्रथम स्थान, अनमय :द्वितीय स्थान,

बैगपैक रेस 1,आरव प्रथम स्थान अनमोल :द्वितीय स्थान, लक्ष्य :तृतीय स्थान,बैगपैक रेस 2 आनन्य :प्रथम स्थान, काव्या:द्वितीय स्थान,लाइबा :तृतीय स्थान,ज़िगजैग रेस आरव : प्रथम स्थान,अतिकेश: द्वितीय स्थान,वाणी: तृतीय स्थान पर रहा।

# आदित्य त्यागी ने सिल्वर मेडल जीत कार्य क्षेत्र का नाम रोशन किया



**वेलकम इंडिया**

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)। कस्बा** निवाड़ी के आदित्य त्यागी ने 38 वी सीनियर नेशनल टैग वार प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत कार्य क्षेत्र का नाम रोशन किया है।महाराष्ट्र में 1 फरवरी से 4 फरवरी तक चली प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीत जीत कर अपने माता-पिता तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदित्य त्यागी ऐमिटी यूनिवर्सिटी से बी टेक की पढ़ाई कर रहे है। आदित्य त्यागी ने बताया पढ़ाई के साथ खेल भी किया जा सकता है। निवाड़ी में प्रतिभाशाली खिलाड़ी आदित्य त्यागी का भव्य स्वागत किया गया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।स्वागत करने वालों में पारुल त्यागी सौरभ त्यागी त्यागी नितिन सलोने मनीषा सोनू कृष्ण आदि लोग थे।

# एनएचएआई और किसानों की समस्याओं पर विशेष समीक्षा बैठक



**वेलकम इंडिया**

**गाजियाबाद।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से जुड़े कार्यों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए विशेष समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में एनएचएआई के अधिकारी, एडीएम एल/ए और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। बैठक में किसानों को देय मुआवजा, जलभराव वाली जगहों पर मिट्टी डालने, डासना हाईवे और दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर जल निकासी के लिए बोरिंग कराने और सड़कों से अनावश्यक यूनिपोल हटाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों की समस्याओं का त्वरित और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बैठक में जलभराव की समस्या को गंभीरता से लेते हुए प्रभावी जल निकासी व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डासना हाईवे और दिल्ली एक्सप्रेस-वे पर नियमानुसार बोरिंग कराना अनिवार्य है ताकि वर्षा के समय पानी जमा न हो और सड़क यातायात प्रभावित न हो। साथ ही, सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अनावश्यक यूनिपोल शीघ्र हटाने पर विशेष जोर दिया गया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एनएचएआई से संबंधित सभी कार्यों में गुणवत्ता, समयबद्धता और जनहित का विशेष ध्यान रखा जाएगा और किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। बैठक में उपस्थित किसानों ने भी अपनी समस्याओं को प्रत्यक्ष रूप से अधिकारियों के समक्ष रखा।

# जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस की पैदल गश्त, संदिग्धों की सघन चेकिंग जारी

**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**



हापुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लगातार पुलिस सक्रिय नजर आ रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों एवं मुख्य मार्गों पर पैदल गश्त की जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।पुलिस अधिकारियों द्वारा आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है तथा व्यापारियों और राहगीरों से सतर्क रहने की अपील भी की जा रही है।गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र में क्षेत्राधिकारी स्तुति सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुख्य बाजारों व संवेदनशील स्थानों पर पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।पुलिस की इस सक्रिय कार्यशैली से आमजन में सुरक्षा की भावना मजबूत हो रही है।

# हजारों लोगों ने ग्रहण किया माघी खिचड़ी का प्रसाद

**वेलकम इंडिया**



**बागेश्वर,** ऋषि मार्कण्डेय की तपोस्थली प्रसिद्ध बाबा बागनाथ मंदिर में पत्रकार सँगठन एनयूजेआई और अन्य पत्रकार साथियों के सहयोग से माघी खिचड़ी का आयोजन किया गया।जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया।माघी खिचड़ी प्रसाद ग्रहण में एसपी चन्द्रशेखर घोड़के,सीडीओ आर सी तिवारी,डॉ.आर एस टोलिया प्रशासनिक अकादमी केसंयुक्त निदेशक महेश कोहली, पुलिस उपाधीक्षक अजय साह,अन्य गणमान्य लोगों ने भी मन्दिर में पहुंचकर माघी खिचड़ी के भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।साथ ही वरिस्ठ पत्रकारों के अलावा हजारों भक्तों ने माघी खिचड़ी का प्रसाद ग्रहण किया। वही लोगों ने पत्रकारों द्वारा किए गए आयोजन की सराहना करते हुए बाबा बागनाथ से सभी की सुख समृद्धि की कामना की।इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविंद मेहता ने आयोजन को सफल बनाने हेतु सभी पत्रकार साथियों का आभार जताया।साथ ही आयोजन को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देने हेतु सीसीएन न्यूज के मालिक महेश जोशी, पूरन दोसाद, परसिलाल वर्मा, योगेश और सुष्मिता नगरकोटी,अशोक लोहुमी सहित अन्य सभी पत्रकार मित्रों का आभार जताया।आयोजन को सफल बनाने हेतु दैनिक जागरण ब्यूरो घनश्याम जोशी,अशोक लौहमी,हिमांशु जोशी,रोहिणी जोशी, नवसृजन टाइम्स सम्पादक जगदीश उपाध्याय,हिमांशु गढ़िया,अनिल पांडे,लोकपाल कोरंगा, मनोज कुमार,जगदीश पांडे,सुरेश पांडे, मनोज टँगड़िया,कमल उपाध्याय,वृक्ष मित्र किशन सिंह मलड़ा,नरेंद्र सिंह,लता मेहता, टीआर बगरेठा, दीप भट्ट, सुनील कुमार, बिशन लुमियाल आदि ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# महिलाओं की सुरक्षा एवं पॉक्सो एक्ट पर दी गई जानकारी

**वेलकम इंडिया**

**बागेश्वर।** डॉ.आर.एस. टोलिया उत्तराखंड प्रशासनिक अकादमी, नैनीताल द्वारा विकास भवन सभागार में आयोजित तीन दिवसीय आउटरीच प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हो गया है।कार्यक्रम के अंतिम दिवस का शुभारंभ जिलाधिकारी द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यस्थल पर महिलाओं के लिए सुरक्षित, सम्मानजनक एवं समान कार्य वातावरण सुनिश्चित करने तथा पॉक्सो एक्ट की जानकारियाँ दी गईं।जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने प्रतिभागियों से प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने एवं स्वयं को निरंतर अपडेटेड रखने का आह्वान किया। साथ ही आयोग एवं हाईकोर्ट के निर्णयों के प्रति भी जागरूक रहने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि अद्यतन जानकारी होने से ही आमजन को बेहतर ढंग से संतुष्ट किया जा सकता है।संयुक्त निदेशक महेश कोहली ने बताया कि सामाजिक लिंगभेद के कारण महिलाओं और लड़कियों को कई बार समान अवसर नहीं मिल पाते। जेंडर दृष्टिकोण को समझने एवं समाज में समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# एआईएमए के 29वें स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स का शुभारंभ,40 टीमों के लगभग 150 छात्रों ने किया प्रतिभाग

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



**मेरठ।** एमआईईटी बिजनेस स्कूल, मेरठ में ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन (एआईएमए) के तत्वावधान में आयोजित तीन दिवसीय 29वें स्टूडेंट मैनेजमेंट गेम्स का गुरुवार को भव्य शुभारंभ हुआ।उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया।

मुख्य अतिथि डॉ. एस.के.एस. यादव (प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग, मेरठ कॉलेज) तथा विशिष्ट अतिथि डॉ. संजय सिंह (कैंपस निदेशक, एमआईईटी), डॉ. संजीव कुमार सिंह (डीन एकेडेमिक्स, एमआईईटी) और डॉ. मधु बाला शर्मा (विभागाध्यक्ष, एमबीए) ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रतियोगिता में आईएमएस गाजियाबाद, मानव रचना विश्वविद्यालय, डीडीयूएमसी, आईआईएमटी, शोभित विश्वविद्यालय, एमआईईटी, एमआईटी, विनायक कॉलेज, एमआईईटी बिजनेस स्कूल एवं सीएईएसएच सहित विभिन्न संस्थानों के प्रबंधन विद्यार्थियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में कुल 40 टीमों के लगभग 150 छात्र-छात्राएं प्रतिभाग कर रहे हैं। उद्घाटन अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि सिमुलेशन आधारित शिक्षण आज की प्रबंधन शिक्षा की आवश्यकता है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, निर्णय कौशल और प्रतिस्पर्धी सोच विकसित करते हैं। कार्यक्रम के पहले दिन एआईएमए के विशेषज्ञ प्रदीप कुमार द्वारा आयोजित कार्यशाला में विद्यार्थियों को ह्यचाणक्य बिजनेस सिमुलेशनह्व की जानकारी दी गई। उन्होंने बताया कि रणनीतिक निर्णय किस प्रकार वास्तविक व्यावसायिक परिस्थितियों में संगठन के प्रदर्शन को प्रभावित करते हैं। कार्यक्रम का संचालन फैकल्टी समन्वयक डॉ. प्रियंका डालमिया, डॉ. वैशाली गोयल, साक्षी गुप्ता, विश्वास गौतम एवं राजनेश कुमार के मार्गदर्शन में छात्र समन्वयकों द्वारा किया जा रहा है। प्रतियोगिता के विभिन्न चरण 8 फरवरी तक आयोजित किए जाएंगे।

# ट्यूबर शादाब जकाती का एक और कारनामा आया सामने

**उज्जवल रस्तौगी वरिष्ठ पत्रकार**



मेरठ के ट्यूबर शादाब जकाती का एक और कारनामा सामने आया है जिसकी वजह से वह एक नई मुसीबत से गिर गए हैं जब छत्तीसगढ़ से अपने पति के साथ आई महिला ने जकाती पर गंभीर आरोप लगाते हुए मीडिया को बताया कि वह सोशल मीडिया के माध्यम से जकाती के संपर्क में आई थी तब जकाती ने उसे अपने साथ काम करने का ऑफर दिया महिला ने इल्जाम लगाया कि जकाती ने अपने वीडियो में उसे अपनी बीवी का रोल दिया और अच्छे पैसे का लालच भी दिया साथ ही महिला ने बताया कि सनसिटी स्थित ऑफिस में सफाई के बहाने से बुलाकर जकाती ने उसका शारीरिक शोषण भी किया महिला ने जकाती की बीवी पर भी आरोप लगाते हुए कहा कि वह शादाब जकाती का ही साथ देती है और उल्टा हम पर इल्जाम लगाती है कि हम इसी काम के लिए उसके पति के संपर्क में आते हैं महिला ने शादाब जकाती पर जान से मारने की धमकी और अन्य धमकियां देने का भी इल्जाम लगाया है साथ ही महिला ने इंचौली थाना पुलिस पर भी इल्जाम लगाते हुए कहा कि शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने जकाती पर कोई कार्रवाई नहीं की है यह सारा मामला मेरठ के इंचौली थाना क्षेत्र का है।

# राजनगर में हिन्दू सम्मेलन से पूर्व निकाली कार-बाइक रैली

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** समाज में जागरूकता लाने और समस्त हिन्दू समाज को एक मंच पर लाने के लिए राजनगर में आगामी 8 फरवरी को होने वाले हिन्दू सम्मेलन में शामिल होने के लिए सभी को संदेश देते हुए एक बाइक व कार रैली निकाली गई। यह रैली सरस्वती विद्या मंदिर राज नगर सेक्टर 9 से आरंभ होकर सेक्टर 13 व 14 से होती हुई, सेक्टर 14 के चौराहे से हिन्ट चौराहा होकर सेक्टर दो, पांच से निकलकर पुनः सेक्टर 10 के चौराहे से होती हुई, सेक्टर नौ के पश्चात सेन्ट्रल पार्क पर समाप्त हुई। इस रैली में महिलाओं तथा पुरुषों एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। पूरे राजनगर को प्रभु राम की भगवा पताका तथा तोरणद्वार से सजाया गया था। इस रैली के दौरान सभी में बेहद उत्साह देखने को मिला। जगह जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर रैली का स्वागत किया। सकल हिंदू समाज ने इस रैली में सम्मिलित होकर अपनी हिंदू एकता का परिचय दिया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष केपी गुप्ता, सचिव संजय गर्ग, कोषाध्यक्ष विजय कुमार, स्थानीय पार्षद प्रवीन चौधरी, राज नगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए डीके गोयल, राज नगर रामलीला समिति के अध्यक्ष जय कुमार गुप्ता, पीके गुप्ता, राकेश चावला, किरन मक्कड़, गगन अरोड़ा, सौरभ गर्ग, देवेन्द्र हितकारी, रेखा अग्रवाल, ममता गुप्ता, धुरेन्द्र कुमार गोयल, अमरीश कुमार त्यागी, जेपी राणा, किरन मक्कड़ ,राजीव मोहन गुप्ता, मोती लाल गर्ग, विनोद गोयल , भानु शिशौदिया, आचार्य सुदर्शन देव, तनिष्क शिशौदिया, इस्कॉन से सुरेश प्रभु, वर्चस्व त्यागी, मोनिया चौधरी, उर्मिला ढाका, संध्या, शशि तोमर, साबी, श्वेता, देविका सहित सैंकड़ों लोग आदि उपस्थित रहे।







## इंदिरापुरम की ग्रीन बेल्ट पर फिर चला निगम का बुलडोजर, अवैध कब्जों पर कड़ा प्रहार

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम की ग्रीन बेल्ट को अतिक्रमण मुक्त कराने के अभियान में नगर निगम ने एक बार फिर सख़्त रुख अपनाया। शुक्रवार को महापौर सुनीता दयाल स्वयं मौके पर पहुँचीं और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में नगर निगम की टीम के साथ ग्रीन बेल्ट क्षेत्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शेष बचे अवैध कब्जों पर तत्काल कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलवाया गया और करीब 800 मीटर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया। नगर निगम अधिकारियों के अनुसार इससे पूर्व भी इसी ग्रीन बेल्ट से लगभग 1100 मीटर भूमि खाली कराई जा चुकी है, लेकिन इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा फिर से कब्जा कर लिया गया था। मौके पर निरीक्षण के दौरान कार वॉश, कार रिपेयर, झुग्गियां और अन्य अस्थायी ढांचे ग्रीन बेल्ट पर अवैध रूप से संचालित पाए गए। जांच में यह भी सामने आया कि मोमीन, प्रमोद, राजबलिया सहित अन्य लोगों द्वारा फजरुद्दीन जैसे व्यक्तियों के माध्यम से अवैध रूप से किराया वसूला जा रहा था। महापौर सुनीता दयाल ने मौके पर ही नगर निगम अधिकारियों को निर्देश दिए कि बचे हुए अतिक्रमण को किसी भी सूरत में बर्दाश्त न किया जाए। कुछ लोगों को मानवीय दृष्टिकोण अपनाते हुए दो दिन का समय दिया गया है ताकि वे स्वयं अपना सामान हटा सकें और उन्हें अनावश्यक नुकसान न हो। महापौर ने स्पष्ट चेतावनी दी कि तय समय सीमा के बाद यदि ग्रीन बेल्ट खाली नहीं की गई तो दोबारा बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही महापौर ने इंदिरापुरम एसटीपी के पास विकसित मियावाकी क्षेत्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण में पाया गया कि नगर निगम की भूमि से सटी जगह पर झुग्गियां बनी हुई हैं, जिन्हें कनावनी क्षेत्र के कुछ लोगों द्वारा किराए पर दिया गया है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भूमि की जांच कर यह सुनिश्चित किया जाए कि यदि वह नगर निगम की है, तो वहां भी अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाए।

## एम०आई०टी० इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र में 90 वार्डनो का प्रशिक्षण आयोजित

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं निदेशालय नागरिक सुरक्षा उ० प्र० लखनऊ के निदेर्शानुसार आज दिनांक 6/02/2026 से एम०आई०टी० इंस्टिट्यूट के सभागार में वार्डन एवं स्वयंसेवक के क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रम के चतुर्थ सत्र में 90 वार्डनो का प्रशिक्षण आयोजित किया गया जिसका शुभारम्भ श्री सुनील कुमार मंडलीय कमांडेंट मुरादाबाद द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया, साथ में उपनियंत्रक श्री नीरज चक , सहायक उपनियंत्रक श्री सतीश कुमार, प्रभागीय वार्डन श्री सुरेन्द्र प्रकाश गुप्ता एवं मो. खालिद तथा 90 वार्डन उपस्थित रहें इस अवसर पर श्री सुनील कुमार ने वार्डनो को निरंतर प्रशिक्षण प्राप्त कर अपनी क्षमता बढ़ाये जाने के लिए प्रेरित किया और उनके द्वारा लगातार किये जा रहे कार्यों की प्रशंसा करी




उपनियंत्रक श्री नीरज चक द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त प्रशिक्षण में आपदा प्रबंधन के साथ अग्निशमन, बचाव सेवा एवं एस डी आर एफ मुरादाबाद आदि के बारे में सम्बंधित विभागों के एक्सपर्ट व्याख्यान हेतु आमंत्रित किये गए हैं। प्रथम दिवस पर श्री सतीश कुमार द्वारा ह्लआपदा में नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवकों की भूमिकाइ पर विस्तृत चर्चा की गई तदोपरांत दूसरे सेशन में उपनियंत्रक नीरज चक द्वारा व्याख्यान दिया गयो अतिथियों एवं वक्ताओं का स्वागत पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिह्न देकर उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा किया गयो इस अवसर पर कार्यालय से चमन कुमार शर्मा, तुषार अग्रवाल, मास्टर ट्रेनर विवेक कुमार यादव, डिविजन वार्डन सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता, मो खालिद, स्टाफ अधिकार अशोक कुमार गुप्ता, शरीफ अहमद, वसीम अख्तर, वसीम अंसारी, डॉ शफीक, राजविमल शर्मा आदि ने उपस्थित रह कर सहयोग प्रदान किया।

## पश्चिम प्रदेश की मांग को मिलेगी नई धार, डोली शर्मा और धीरेंद्र प्रताप मिलकर तेज करेंगे आंदोलन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य के रूप में गठित करने की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन को नई मजबूती मिलने के संकेत हैं। पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चे के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री धीरेंद्र प्रताप ने कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डोली शर्मा से मुलाकात कर पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 27 जिलों को मिलाकर 'पश्चिम प्रदेशज के गठन के संघर्ष में सहयोग की अपील की। इस मुलाकात को पश्चिम प्रदेश आंदोलन के लिहाज से अहम माना जा रहा है। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि डोली शर्मा ने उनकी बात को गंभीरता और संवेदनशीलता के साथ सुना तथा पश्चिम प्रदेश के गठन की आवश्यकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि व्यक्तिगत रूप से भी वह इस विचार से सहमत हैं कि छोटे राज्य विकास के प्रतीक होते हैं और प्रशासनिक रूप से अधिक प्रभावी साबित होते हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पश्चिम प्रदेश निर्माण मोर्चे के नेताओं को शीघ्र ही कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे से मुलाकात कराई जाएगी। डोली शर्मा ने यह भी कहा कि वह इस विषय पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से चर्चा कर पार्टी का दृष्टिकोण स्पष्ट करेंगी। इसके तहत संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा से भी मुलाकात कर पश्चिम प्रदेश के गठन से जुड़े तर्कों और जनभावनाओं को उनके समक्ष रखा जाएगा। इस अवसर पर धीरेंद्र प्रताप ने कहा कि देश में बीते वर्षों का अनुभव यह साबित करता है कि छोटे राज्य विकास, सुशासन और संतुलित प्रगति के मजबूत उदाहरण बने हैं। उन्होंने कहा कि उनका जन्म सहारनपुर में हुआ है और उत्तराखंड राज्य के गठन के बाद अब पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए भी एक अलग राज्य का निर्माण समय की मांग बन चुका है। उनका मानना है कि छोटे राज्य के रूप में गठन होने से यह क्षेत्र विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ सकेगा। धीरेंद्र प्रताप ने बताया कि इसी उद्देश्य को लेकर वह पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों का लगातार दौरा कर रहे हैं और लोगों को इस आंदोलन से जोडे का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति या संगठन की नहीं, बल्कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के करोड़ों लोगों के अधिकार और भविष्य से जुड़ी है।

## टीला मोड़ पुलिस का खुलासा

## डेयरी कर्मी की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार, खून से सनी कुल्हाड़ी व कपड़े बरामद

अरुण मिश्रा वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** थाना टीला मोड़ पुलिस टीम ने ग्राम रिस्तल स्थित श्रीजी कामधेनु डेयरी में काम करने वाले नौकर की नृशंस हत्या के मामले का सफल खुलासा करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त रक्तरंजित कुल्हाड़ी तथा खून के निशान लगी ऊनी जर्सी/टी-शर्ट भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, दिनांक 04 फरवरी 2026 को मृतक के भाई द्वारा सूचना दी गई थी कि उसके भाई सुनील की ग्राम रिस्तल में सिर पर कुल्हाड़ी से प्रहार कर हत्या कर दी गई है। सूचना के आधार पर थाना टीला मोड़ पर धारा 103(1) बीएनएस के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर तत्काल पुलिस टीम का गठन किया गया।

जांच और पूछताछ के दौरान पुलिस को अहम सुराग मिले, जिसके बाद प्रकाश में आया कि हत्या दुर्बाज उर्फ हीरा उर्फ अर्जुन पुत्र बजरंगी, निवासी ग्राम गौरवा पोस्ट टीता, तहसील लालगंज, थाना हलिया, जनपद मिजार्पुर (उम्र लगभग 35 वर्ष) द्वारा की गई है, जो उसी डेयरी पर काम करता था।

पुलिस टीम ने 05 फरवरी 2026 को मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त को गिरफ्तार किया। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि आपसी विवाद के चलते उसने रात में सो रहे सुनील पर कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी थी। वारदात के बाद अभियुक्त ने खून लगी टी-शर्ट उतारकर छिपा दी और सो गया। अभियुक्त की निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त कुल्हाड़ी (रक्तरंजित) तथा खून से सनी ऊनी जर्सी/टी-शर्ट बरामद कर ली है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। अन्य आपराधिक इतिहास की जानकारी भी की जा रही है। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में थाना टीला मोड़ पुलिस टीम शामिल रही। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए कहा कि अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।





## डीजे की तेज आवाज पर पुलिस की सख़्ती, दो आरोपी गिरफ्तार

**साहिबाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में सार्वजनिक स्थल पर तेज आवाज में डीजे बजाकर आम लोगों की शांति भंग करने के मामले में पुलिस ने सख़्त कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। तेज म्यूजिक की वजह से इलाके में रहने वाले बच्चों, बुजुर्गों और स्थानीय निवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था, जिसको लेकर लोगों ने मौके पर मौजूद पुलिस से शिकायत की। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि 5 फरवरी की रात सब-इंस्पेक्टर राजकुमार शर्मा क्षेत्र में गशत पर थे। गशत के दौरान जब वह बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ चौक पर पहुँचे, तो उन्होंने एक मालवाहक वाहन पर अत्यधिक तेज आवाज में डीजे सिस्टम बजते हुए पाया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि तेज म्यूजिक के कारण क्षेत्र में शोरगुल का माहौल बना हुआ है और इससे विशेष रूप से बच्चों और बुजुर्गों को असुविधा हो रही है।

### आईपीए का केंद्रीय शिक्षा मंत्री को पत्र

## सोशल मीडिया पर आयु-सीमा और स्कूलों में अनिवार्य काउंसलिंग लागू हो: आईपीए

अनिल कुमार

**गाजियाबाद।** इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्कूली बच्चों में तेजी से बढ़ रही डिजिटल निर्भरता पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्रीय शिक्षा मंत्री, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) एवं केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) को पत्र लिखकर वीडियो गेम और सोशल मीडिया पर कड़े नियम बनाने की मांग की है। एसोसिएशन ने हाल ही में तीन मासूम बच्चियों की कथित आत्महत्या जैसी हृदयविदारक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि अत्यधिक स्क्रीन टाइम बच्चों के मानसिक, भावनात्मक और सामाजिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है, जिससे अवसाद, आक्रामकता और सामाजिक अलगाव जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने मांग की है कि 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर सशक्त आयु-सत्यापन व्यवस्था लागू की जाए, हिंसक एवं लत उत्पन्न करने वाले ऑनलाइन गेम्स पर सख्त नियंत्रण हो, तथा सभी स्कूलों में डिजिटल सेफ्टी एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग पर अनिवार्य जागरूकता कार्यक्रम चलाए जाएं। साथ ही अभिभावकों के लिए मार्गदर्शन अभियान और प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षित काउंसलर की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया है। इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी का कहना है कि यह केवल नीतिगत निर्णय नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के सुरक्षित भविष्य का प्रश्न है। समय रहते ठोस कदम उठाकर ही बच्चों को डिजिटल लत के खतरे से बचाया जा सकता है और एक स्वस्थ, सुरक्षित एवं जागरूक समाज की नींव रखी जा सकती है। आईपीए के उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि आने वाले समय में संस्था द्वारा स्कूली बच्चों को वीडियो गेम की लत से बचाव और सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव से बचाने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।





## मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर फिसलती रफ्तार पर जिलाधिकारी सख़्त

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में शुक्रवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड जिला अनुश्रवण पुस्तिका (विकास कार्यों से संबंधित) दिसंबर माह की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद के विकास कार्यों की प्रगति, योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय प्रदर्शन की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा पुस्तिका में प्रदर्शित कुल 85 बिंदुओं में से 8 बिंदु जनपद से संबंधित नहीं पाए गए, जबकि शेष बिंदुओं में 56 को 'ए ग्रेड, 2 को 'बी ग्रेड, 10 को 'सी ग्रेड और 9 को 'डी ग्रेड प्राप्त हुआ। इस पर जिलाधिकारी ने बी, सी और डी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों पर कड़ी नाराजगी जताते हुए स्पष्ट कहा कि कार्यशैली में तत्काल सुधार किया जाए और विभागीय योजनाओं की दैनिक मॉनीटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पीएम सूर्य घर योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ दिलाया जाए। उन्होंने कहा कि सोलर पैनल न केवल विद्युत पर निर्भरता कम करते हैं, बल्कि दीर्घकालिक रूप से आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से भी लाभकारी हैं, इसलिए आमजन को इस दिशा में जागरूक करना आवश्यक है। उन्होंने फैमिली आईडी के लंबित मामलों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि जिन परिवारों की फैमिली आईडी अब तक नहीं बनी है।

